दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 10 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-सप्तमीं, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 322 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोयला घोटाले एवं मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने बंगाल में आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के ठिकानों पर छापा मारा तो वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के छक्के छूट गये। दीदी खुद वहां जा धमकी और दादागिरी दिखाते हुए कई महत्वपूर्ण फाइलें लेकर चलती बनी। चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए उन्होंने ईडी की छापामार कार्यवाही के खिलाफ आंदोलन का भी शंखनाद कर दिया है। मुख्यमंत्री होकर दीदी ने सरकारी जांच में बाधा डालकर यह साबित कर दिया है कि दाल में कुछ काला नहीं है बल्कि पूरी दाल ही काली है।

ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब
डेनमार्क बोला-पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे

कोपनहेगन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफसे ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है।

मोदी ने ट्रम्प को कॉल नहीं किया

इसलिए रुकी ट्रेड-डील, ट्रम्प का ईगो हर्ट हुआ, अब पुराने ऑफर खत्म

वॉशिंगटन/वार्ता। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना इसकी वजह है। लुटनिक के मुताबिक ट्रम्प चाहते थे कि मोदी खुद उनसे बात करके डील फाइनल करें, लेकिन ऐसा न होने पर ट्रम्प ने इसे अपने 'ईगो' पर ले लिया।

वियतनाम और इंडोनेशिया से डील, भारत पीछे छूटा: अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने खुलासा किया कि भारत के देरी करने का फायदा दूसरे देशों को मिला। उन्होंने कहा, 'हमने सोचा था कि भारत के साथ डील पहले होगी, लेकिन मोदी के कॉल न करने पर हमने इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम के साथ ट्रेड डील कर ली।'

'डील तैयार थी, मोदी को बस एक फोन करना था'

लुटनिक ने कहा भारत के साथ ट्रेड डील लगभग पूरी हो चुकी थी। बातचीत के लिए समय दिया था। पूरी डील सेट थी, ट्रम्प खुद इसे क्लोज करना चाहते थे बस मोदी को राष्ट्रपति को कॉल करना था। भारतीय पक्ष ऐसा करने में असहज था और मोदी ने कॉल नहीं किया।

भारत का दावा: 2025 में 8 बार हुई पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की बात

नई दिल्ली/ए.। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर उपजे विवाद पर विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच दोस्ताना संबंध हैं और उन्होंने हमेशा राजनयिक नियमों के अनुसार एक-दूसरे को आपसी सम्मान के साथ संबोधित किया है।

अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के उस दावे को भारत ने सटीक नहीं बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप से सीधे बात न करने के कारण समझौता नहीं हो सका। रणधीर जायसवाल ने कहा यह कहना सही नहीं है कि बातचीत किसी व्यक्तिगत संवाद की कमी की वजह से रुकी है।

रूसी झंडा वाले टैंकर पर अमेरिका ने किया कब्जा

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 2025 में अब तक आठ बार फोन पर बातचीत हो चुकी है। भारत दोनों पूरक अर्थव्यवस्थाओं के बीच संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के लिए प्रतिबद्ध है।

रायपुर में 50 लाख कैश के साथ पकड़ाए चार आरोपी

■ कार में खिलाते थे ऑनलाइन सट्टा, ग्राहकों पर भी होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 50 लाख कैश के साथ ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी बैटिंग साइट्स में सट्टा खेलने के लिए आईडी उपलब्ध कराने का काम करते थे। उनके कब्जे से 50 लाख 35 हजार कैश भी पुलिस ने बरामद किया है। मामला गंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, शहर के सिंधु भवन पार्किंग के पास आरोपी कार में ऑनलाइन सट्टे का संचालन करते थे। बताया जा रहा है जिन ग्राहकों को ये सट्टा खिलाते थे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सटोरियों से जप्त बैंक खातों में करोड़ों रूपए को होल्ड करा दिया है।

80 लाख कैश-सामान जप्त: आरोपियों के कब्जे से 50 लाख 35 हजार कैश और लैपटाप, मोबाइल फोन, कार, पासपोर्ट, एटीएम कार्ड, चेक बुक, केल्क्यूलेटर भी जप्त किया गया है। जब्त सामान-कैश की कीमत 80 लाख के करीब है। आरोपियों के खिलाफ गंज थाने में अपराध क्रमांक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की

सूचना के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कार में सभी 4 आरोपी सवार थे। वे ऑनलाइन बैटिंग साइट्स के मास्टर आई.डी./आई.डी. के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। साथ ही उनके पास लाखों रूपए नगदी रकम भी था। पूछताछ करने पर शुरू में सटोरियों ने पुलिस को घुमाने की कोशिश की, लेकिन बाद में पकड़ा गए।

कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू धोखाधड़ी केस में गिरफ्तार

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। जैजैपुर क्षेत्र के कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू की जमानत याचिका खारिज होने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, धोखाधड़ी केस में कार्रवाई करते हुए विधायक बालेश्वर साहू को जांजगीर-चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया था। धोखाधड़ी और गबन के मामले में जिला न्यायालय में किया गया था पेश। विधायक जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू को जिला जेल जांजगीर में दाखिल किए गए हैं। कोर्ट ने उन्हें 22 जनवरी तक न्यायिक रिमांड में भेजा है।

बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यकों पर हमले चिंताजनक: भारत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे लगातार हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम देख रहे हैं कि चरमपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। ऐसी सांप्रदायिक घटनाओं से तेज़ी से और सख्ती से निपटा जाना चाहिए। भारत ने उन दावों को भी खारिज कर दिया जिनमें इन हमलों को निजी रंजिश या राजनीतिक मतभेद बताया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी दलीलें दोषियों का हौसला बढ़ाती हैं और अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना को गहरा करती हैं।

वर्ष 2026 में चार ग्रहण, भारत में केवल एक ही ग्रहण दिखेगा

उज्जैन (वार्ता)। खगोलीय घटनाओं के अनुसार वर्ष 2026 में कुल चार ग्रहण होंगे, लेकिन इनमें से भारत में केवल एक ही ग्रहण दिखाई देगा। यह जानकारी उज्जैन स्थित शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने दी। डॉ. गुप्त ने बताया कि वर्ष 2026 का पहला आंशिक सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को होगा। यह ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा। इसका प्रारंभ दोपहर 03 बजकर 26 मिनट 06 सेकंड पर होगा, मध्यकाल 05 बजकर 41 मिनट 09 सेकंड तथा मोक्षकाल सायंकाल 07 बजकर 57 मिनट 06 सेकंड पर रहेगा।

कोर्ट से लालू परिवार को बड़ा झटका, जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोप तय

नई दिल्ली। जमीन के बदले नौकरी से जुड़े कथित घोटाले के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफआरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था।

41 लोगों के खिलाफ आरोप तय, 52 हुए बरी: विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि पूर्व रेल मंत्री लालू यादव ने अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। इस दौरान उन्होंने आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। यादव परिवार ने रेल अधिकारियों और अपने करीबी सहयोगियों की मिलीभगत से जमीनें हासिल की। अदालत ने इस मामले में 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए और 52 लोगों को बरी कर दिया, जिनमें रेल अधिकारी भी शामिल थे। सीबीआई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चार्जशीट में आरोपियों के नाम

सीबीआई ने इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जांच एजेंसी का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच जब लालू यादव रेल मंत्री थे। उस दौरान भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र (जबलपुर) में ग्रुप-डी पदों पर नियुक्तियां नियमों को दरकिनार कर की गईं।

सबरीमाला: अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम/ए.। सबरीमाला सोना चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को भगवान अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी कंदरारू राजीव को गिरफ्तार किया है। एसआईटी राजीव को गिरफ्तार करने के बाद एक अज्ञात जगह पर पूछताछ के लिए ले गई थी, बाद में उन्हें एसआईटी टीम ऑफिस लेकर आई, जहां उनकी औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज की गई। ईडी ने केरल के सबरीमाला सोना चोरी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पद्मकुमार के बयानों के आधार पर की गई है। एसआईटी की जांच में सामने आया है कि राजीवरु के पोट्टी के साथ करीबी संबंध थे।

ममता ने ईडी के खिलाफ 2 एफआईआर कराई
ममता के खिलाफ एफआईआर की याचिका, हाईकोर्ट में हंगामा

कोलकाता/नई दिल्ली/वार्ता। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला। इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक छापेमारी की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को यहां गृह मंत्रालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे तृणमूल कांग्रेस के आठ सांसदों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इन सांसदों में डेरेक ओ ब्रायन, महुआ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जबरन पुलिस वैन में डाला

पुलिस ने डेरेक ओ ब्रायन और महुआ मोइत्रा को जबरन पुलिस वैन में डाला। इस दौरान डेरेक ओ ब्रायन ने मीडिया से कहा कि सांसदों के साथ जो हो रहा है, उसे सब देख रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन ईडी द्वारा अवैध कोयला खनन और धन शोधन के मामले में कोलकाता और दिल्ली में 15 स्थानों पर की गयी छापेमारी के एक दिन बाद हुआ। छापेमारी में आई-पैक नामक एक निजी कंपनी के प्रमुख प्रतीक जैन का आवास भी शामिल था।

गरमा-गरम

राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी
जंबूरी छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति को राष्ट्रीय मंच पर लाने का सुनहरा अवसर

सीएम साय बोले- बालोद बना भारत की युवा शक्ति का नया केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का बालोद जिला आज देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा और गौरव का नया केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, जिला बालोद के ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में देश-विदेश से आए लगभग 15 हजार रोवर-रेंजर अपनी सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं।

सीएम साय ने कहा कि, यह ऐतिहासिक जंबूरी छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति को राष्ट्रीय मंच पर लाने का सुनहरा अवसर है। राष्ट्रीय स्तर के कैंपिंग, रोवर-रेंजर प्रशिक्षण, सांस्कृतिक संध्याओं और सामुदायिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से युवा प्रतिभागी अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त कर रहे हैं।

आत्मविश्वासी युवा शक्ति ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगी: सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, बालोद की धरती पर उमड़ा यह उत्साह भारत की भावी पीढ़ी की ऊर्जा, समर्पण और संकल्प को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के खेल, कौशल विकास और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि, अनुशासित, प्रशिक्षित और आत्मविश्वासी युवा शक्ति ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगी। उन्होंने जंबूरी में भाग ले रहे सभी रोवर-रेंजरों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, उनका उत्साह और सेवा भाव छत्तीसगढ़ का परचम देश-दुनिया में और ऊँचाई तक ले जाएगा।

दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों का आत्मसमर्पण, इनमें 36 नक्सलियों पर 1 करोड़ का ईनाम

जगदलपुर/दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल है। कुल 36 नक्सलियों पर 1 करोड़ 19 लाख रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित है। इनमें नक्सली दंपति 8-8 लाख रुपए के इनामी हैं। ये सारे नक्सली पिछले कई सालों से नक्सल संगठन के साथ जुड़कर काम कर रहे थे। वहीं अब इन्होंने नक्सल हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और दंतेवाड़ा पुलिस के सामने पहुंचकर हथियार डाल दिए हैं। सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों में 7 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। जबकि, 7 नक्सलियों पर 5 लाख, 8 पर 2 लाख, 11 नक्सलियों पर 1 लाख और 50 हजार रुपए के 3 इनामी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नवप्रदेश छत्तीसगढ़

न्यूज गैलरी

शख्स की प्रताड़ना से तंग पत्नी, मां, बहन और बच्चों ने कर दी हत्या

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में शराब की लत ने एक परिवार को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया, जहाँ पति की रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी, माँ, बहन और बच्चों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। यह हृदयविदारक घटना कांकेर जिले के नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रामपानी में हुई, जहाँ भगवान सिंह नामक व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर घर आता था और अपने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। भगवान सिंह का यह व्यवहार उसके परिवार के लिए रोज़ का दर्द बन गया था। मंगलवार को भी वह नशे में धुत होकर घर आया और पत्नी व बच्चों से मारपीट करने लगा। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो भगवान सिंह ने आक्रोश में आकर टंगिया से जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा कि अगर मारना है तो आज ही मार डालो, नहीं तो मैं टंगिया से सबको खत्म कर दूंगा। इस धमकी ने वर्षों से डर और यातना सह रहे परिवार को झकझोर कर रख दिया। भय, गुस्सा और असहायता के बीच रिश्तों की मर्यादा टूट गई और परिवार ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे भगवान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

जेईई परीक्षा में खराब प्रदर्शन से हताश छात्र हुआ गायब

जगदलपुर/नवप्रदेश। जेईई की परीक्षा देने के लिए रायगढ़ से जगदलपुर आया एक 17 वर्षीय छात्र परीक्षा के नतीजों से निराश होकर लापता हो गया है। छात्र ने अपने पिता और मामा को व्हाट्सएप पर सुसाइड करने की बात लिखकर एक मैसेज भेजा है। उसकी

स्कूटी नया पुल के पास नदी किनारे मिली है, जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही है। अंश श्रीवास्तव, रायगढ़ का रहने वाला 17 वर्षीय छात्र, 15 दिन पहले जेईई की परीक्षा देने के लिए जगदलपुर आया था। परीक्षा उसके उम्मीदों के अनुसार नहीं गई, जिससे वह काफी हताश हो गया। गुरुवार की सुबह 8 बजे वह अपनी स्कूटी लेकर घर से निकल गया और तब से उसका फोन लगातार बंद आ रहा है। परिजनों के अनुसार, अंश ने अपने पिता और मामा को व्हाट्सएप पर एक मैसेज भेजा, जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात लिखी। मैसेज मिलने के बाद परिजनों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद मिला। जब उन्होंने नया पुल के पास उसकी स्कूटी देखी, तो उन्हें आशंका हुई कि कहीं उसने नदी में छलांग न लगा दी हो। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और एसडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर छात्र की तलाश शुरू कर दी। नया पुल के आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, अभी तक अंश के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं।

जगरगुंडा में समाज प्रमुखों से मिले गृहमंत्री विजय शर्मा

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा गुरुवार (8 जनवरी) को दंतेवाड़ा और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित जगरगुंडा गांव पहुंचे। उन्होंने यहां समाज प्रमुखों गायता, सिरहा, पुजारी, बैगा और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें समाज प्रमुखों ने हिंसा के दौर में गांव तक विकास नहीं पहुंचने के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि पहले कोई भी विकास काम आता तो नक्सली उन कामों को पूरा करने नहीं देते थे। यही वजह है कि गांव में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। जिस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अब हिंसा नहीं बल्कि विकास सुकमा की नई पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में जहां माओवादी गतिविधियों के कारण विकास बाधित हो गया था, उनके लिए तेजी से विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना चलाई जा रही है। जहां सुरक्षा कैंप केवल नक्सलवाद को रोकने के लिए नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने 'सुविधा केंद्र' के रूप में कार्य कर रहे हैं। कई गांव जहां सड़क, बिजली, पेयजल की समस्या थी वहां अब ये सुविधाएं पहुंच रहीं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि शासन ऐसे गांव जो अपने सभी भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाकर खुद के गांव को 'सशस्त्र नक्सल हिंसा मुक्त' घोषित करेंगे, उन्हें इलवद पंचायत योजना से 1 करोड़ रुपए की अतिरिक्त विकास राशि दी जाएगी।

9 महीने की प्रेग्नेंट टीचर को थप्पड़ मारने का आरोप

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले में 9 महीने की प्रेग्नेंट टीचर ने स्कूल के प्रिंसिपल पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता अनिगा लकड़ा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि ज्यादा ठंड पड़ने के कारण जिला प्रशासन ने स्कूल में बच्चों को छुट्टी दे दी थी, अनिता ने भी 6 जनवरी को ऑनलाइन अप्लाई कर एक दिन की आकस्मिक छुट्टी ली थी। आरोप है कि प्राचार्य मंगना राम ने जानबूझकर उन्हें उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित दर्शाया और अन्य 2 लोग जो स्कूल नहीं पहुंचे थे उन्हें उपस्थित बताया। पूछताछ करने पर प्राचार्य भड़क उठे उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और पेट में घूंसे भी मारे। घटना कुसमी विकासखंड स्थित बसकेपी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल की है। मामला गनेशमोड़ चौकी का है। पीड़िता अनिगा लकड़ा, जो स्कूल में भूगोल सब्जेक्ट की व्याख्याता हैं, उसने गनेशमोड़ चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, उन्होंने 6 जनवरी को ऑनलाइन माध्यम से एक दिन का आकस्मिक अवकाश लिया था, लेकिन 7 जनवरी को वे सुबह 10 बजे से पहले ही स्कूल पहुंच गई थीं। पीड़िता का आरोप है कि प्राचार्य मंगना राम ने जानबूझकर उन्हें उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित दर्शाया और पूछताछ करने पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया।

लोगों ने गिधौरी बस स्टैंड में किया चक्काजाम, बलौदा बाजार-सारंगढ़-जांजगीर जिले यहीं से जुड़ते है

तीन जिलों को जोड़ने वाली सड़क हुई जर्जर, लोग परेशान

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के गिधौरी क्षेत्र में आज सड़क की खस्ताहाल स्थिति के खिलाफ बड़ा आंदोलन देखने को मिला। तीन जिलों-बलौदा बाजार, सारंगढ़ और जांजगीर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की लगातार बिगड़ती हालत से परेशान होकर विधायक कविता प्राण लहरे ने गिधौरी बस स्टैंड में चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों ग्रामीण, व्यापारी संघ और कांग्रेस कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

खस्ताहाल सड़क बनी क्षेत्र की बड़ी समस्या

गिधौरी बस स्टैंड के आसपास का मुख्य सड़क मार्ग गड्ढों, कीचड़ और पानी से भरा पड़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि, बारिश के बाद सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है, यातायात घंटों बाधित रहता है, वाहन गड्ढों में फंसकर पलट जाते हैं, और रोज दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार मरम्मत के नाम पर काम हुआ, लेकिन कुछ ही दिनों में सड़क फिर उखड़ जाती है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

तीन जिलों को जोड़ने वाली जीवनरेखा है यह सड़क

यह मार्ग जांजगीर-चांपा, बलौदा बाजार और सारंगढ़-बिलाईगढ़ को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। रोजाना हजारों वाहन इस सड़क से गुजरते हैं, जिनमें बसें, एंबुलेंस, मरीज, विद्यार्थी और आवश्यक सेवा वाहन शामिल रहते हैं। सड़क की बदहाली ने इन सभी के लिए यात्रा को जोखिम भरा बना दिया है।

आक्रोशित जनता की सड़क पर उतरने की मजबूरी

पिछले कई महीनों से बिगड़ी सड़क को लेकर लोगों में भारी आक्रोश था। लोगों का कहना है कि, रोजाना 3 घंटे तक जाम में फंसना पड़ता है वहीं गड्ढों में गिरने से कई लोग घायल हुए है अधिकारियों को कई बार शिकायत दी, लेकिन समस्या जस की तस रही आज मुख्य तिगड्डा चौक पर सैकड़ों नागरिकों ने चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए।

विधायक कविता प्राण लहरे का नेतृत्व

बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे खुद मौके पर पहुंचीं और प्रदर्शन में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि, सड़क की खराब हालत स्वीकार्य नहीं यह मार्ग तीन जिलों को जोड़ता है, इसलिए त्वरित मरम्मत आवश्यक है यदि विभाग कार्रवाई नहीं करता तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पुलिस की लापरवाही की पीड़ा मां ने भोगी

ढाई माह बाद बेटे का शव कब्र से निकालकर कर पाई अंतिम संस्कार

सूरजपुर/नवप्रदेश। ढाई महीने के इंतजार उपरांत आखिरकार एक मां को अपने बेटे के अंतिम संस्कार का मौका मिल सका। डीएनए टेस्ट में मृतक की शिनाख्त होने के बाद एसडीएम के निर्देश के बाद कब्र खोदकर शव बाहर निकाला और मां के सुपुर्द किया गया। इस दौरान मां ने अपने बेटे को कफन ओढ़ाकर नम आंखों से बेटे को विदाई दी।

यह पूरा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर का है। बता दें कि 1 नवम्बर 2025 को मानपुर में रिंग रोड किनारे स्थित कुएं में एक युवक का शव मिला था इस दौरान मृतक की पहचान चन्द्रपुर निवासी पुरषोत्तम देवांगन उर्फ घाटा के रूप में की गई थी। मृतक की शिनाख्त होने के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया जिसके बाद परिजन ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया लेकिन इस पूरे मामले में नया मोड़ उस वक्त आया जब जिस युवक को मृत समझकर परिजन ने उसका अंतिम संस्कार किया वह तीन दिनों के बाद लौट आया। युवक के लौट आने पर परिजन तो खुश हुए लेकिन इस घटना ने पुलिस की कार्य प्रणाली को सवालों के घेरे में डाल दिया। बिना सही तरीके से मृतक की पहचान किए शव किसी दूसरे के सुपुर्द कर दिया गया था। इधर दफन किए गए शव को लेकर महुआपारा निवासी महिला श्यामा देवांगन ने भी 6 नवंबर को दावा किया कि मृतक उसका पुत्र है। महिला ने चप्पल, कपड़ा और अंडर गारमेंट्स के आधार पर मृतक की शिनाख्त अपने बेटे किशन देवांगन के रूप में की थी जिसके बाद महिला शव को उनके सुपुर्द करने की मांग कर रही थी और लगातार कोतवाली के चक्कर लगा रही थी।

पिता के डीएनए से हुई पहचान

हालांकि एक बार कोतवाली पुलिस ने इतनी बड़ी लापरवाही कर दी थी जिसके बाद अधिकारी कोई और गलती नहीं करना चाहते थे इस लिए उन्होंने महिला के पति का बदल सैम्पल लेकर डीएनए टेस्ट के लिए भेजा था। डीएनए सैम्पल लिए जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं आने से एक मां अपने बेटे का शव हासिल करने और उसके अंतिम संस्कार को लेकर बेचैन थी और थाने के चक्कर लगा रही थी। इस दौरान पुलिस अधिकारी भी महिला को घुमाते रहे लेकिन कोई मदद नहीं मिल पाई। अब 7 जनवरी की रात डीएनए रिपोर्ट आया जिसमें मृतक किशन देवांगन व उसके पिता केश्वर देवांगन के डीएनए मैच हो गए और महिला के दावों की पुष्टि हुई। मृतक की पहचान होने के बाद मृतक की मां श्यामा देवांगन ने 8 जनवरी को एसडीएम के समक्ष आवेदन पेश किया जिसके बाद एसडीएम शिवानी जायसवाल ने कब्र खोदकर शव महिला के शिवानी जायसवाल ने कब्र खोदकर शव महिला के सुपुर्द करने हेतु नायब तहसीलदार इसराईल अंसारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया।

मां ने नम आंखों से दी विदाई अपने बेटे के शव को

हासिल करने और उसे सम्मानजनक विदाई देने के लिए भटक रही महिला को जब उसके बेटे का शव सुपुर्द किया गया तो उसकी आंखें भर आई। बड़ी बात यह है कि महिला दूसरों के घरों में झाड़-पोछा कर परिवार का पेट पालती है जबकि उसका पति दिव्यांग है और चलने-फिरने में असमर्थ हैं। महिला श्यामा देवांगन ने ही अपने बेटे का अंतिम संस्कार किया। उसे नम कफन ओढ़ाकर नम आंखों से विदाई दी।

परिजन के सुपुर्द

नायब तहसीलदार इसराईल अंसारी ने बताया कि, एक अज्ञात शव मानपुर स्थित कुएं में मिला था। मृतक की शिनाख्त एक परिवार द्वारा की गई। पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया था।

बस्तर के बैल बाजार में नशीली दवा बेचते महिला पकड़ाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में पुलिस ने नशीली टैबलेट के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला बाजार स्थल पर ही नशीली टैबलेट बेच रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके पास से 5 लाख 37 हजार रुपए की नशीली टैबलेट बरामद की है। मामला जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बैल बाजार क्षेत्र में जुगबाई उर्फ रीता चौधरी (57) भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली टैबलेट अल्प्राजोलम बेच रही थी। ये महिला तस्कर पहले भी एनडीपीएस, पी-एनडीपीएस और आबकारी एक्ट के मामलों में जेल जा चुकी है। दरअसल, 8 जनवरी की सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि जुगबाई उर्फ रीता चौधरी सब्जी के ठेले पर बैठकर अवैध नशीली टैबलेट की बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही है। जानकारी की तस्दीक के लिए बस्तर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर महिला को पकड़ा।

छत गिरने से 6वीं के छात्र की मौत, शिक्षा विभाग ने हेड मास्टर को किया सस्पेंड

बलरामपुर/नवप्रदेश। रामानुजगंज जिले के वाड्रफनगर विकासखंड में बड़ा हादसा सामने आया, जब ग्राम शारदापुर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी की छत गिरने से 6वीं के छात्र की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में विद्यालय की हेड मास्टर ममता गुप्ता को दोषी पाए जाने पर शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से उनका निलंबन कर दिया है। 8 जनवरी 2026 को मध्यान्ह भोजन के अवकाश के दौरान छात्र खेलते हुए निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन की ओर चला गया। इसी दौरान छज्जा गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छात्र को रोकने में विद्यालय पक्ष की ओर से सतर्कता नहीं बरती गई, जिसे लापरवाही माना गया। प्रारंभिक जांच में मिडिल स्कूल खुटनपारा की प्रधान पाठक ममता गुप्ता को छात्रों पर उचित निगरानी न रखने का दोषी पाया गया। शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार ममता गुप्ता ने विद्यालय परिसर में अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती, उनका कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन है उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के नियम 03 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, रामचन्द्रपुर निर्धारित किया गया है और अवधि के दौरान वे जीवन निर्वाह भत्ते की पात्र होंगी।

रायगढ़ में सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत

■ **ओवरटेक के दौरान ट्रेलर की चपेट में आए**

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में गुरुवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गेरवानी के पास हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ जब बाइक सवार युवक एक तेज रफ्तार ट्रेलर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक दोनों युवक बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले थे और रायगढ़ क्षेत्र के किसी प्लांट में काम करते थे।

वे आज दोपहर रायगढ़ से घरघोड़ा की ओर जा रहे थे, तभी यह दुखद घटना घटित हुई। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। आगे की जांच जारी है।

यह घटना रायगढ़ जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर एक बार फिर प्रकाश डालती है, विशेषकर भारी वाहनों से जुड़े हादसों पर। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिनमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। स्थानीय प्रशासन से ऐसे इलाकों में यातायात नियमों के कड़ाई से पालन करवाने और भारी वाहनों की गति सीमा को नियंत्रित करने के लिए विशेष कदम उठाने की अपेक्षा की जाती है।

इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाए जाने की आवश्यकता है। प्रिंस कुमार सिंह 18 साल निवासी कटिया औरंगाबाद, मुन्ना कुमार समाबिघा औरंगाबाद दोनो अपने परिचित से मिलने नवदुर्गा प्लांट गए थे जहां से गेरवानी की ओर बाइक से जा रहे थे। उसी दिशा से आ रहे ट्रक ने अपनी चपेट में लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई।

महापुराण का पांचवा दिन: आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा-दान करने से धन की होती है शुद्धि

■ **अकलवारा में भागवत महापुराण का पंचम दिन**

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के ग्राम अकलवारा में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित भागवत महापुराण के पंचम दिवस दान के महत्व के बारे में बताया गया। दान करने से धन की शुद्धि होती है भारत वर्ष में सबसे बड़े दानी के रूप में राजा बलि को जाना जाता है। इतने महान दानी कि स्वयं भगवान नारायण वामन अवतार में उनसे दान लेने उनके द्वार आए।

गुरु शुक्राचार्य के मना करने पर भी और ये जानते हुए की भगवान नारायण वामन देवता के रूप में दान मांग रहे है। बलि ने उन्हें मन चाहा दान देने का संकल्प कर लिया। तब वामन देवता ने तीन पग जमीन राजा बलि से मांगा। बलि ने दान में तीन पग जमीन वामन देवता से नापने कहा।भगवान वामन ने दो पग में ही आकाश और पाताल को माप लिया। तीसरा पग कहां रखूं। ये प्रश्न राजा बलि से पूछा तब बलि ने अपना सिर भगवान के सामने रख दिया। प्रभु तीसरा पग मेरे सिर पर रखिए। मुझे नाप लीजिए।

ऐसे महान दानी राजा बलि को बारम्बार प्रणाम है। भगवान प्रसन्न होकर बलि से वरदान मांगने कहते है तब राजा बलि कहते है ऐसा वरदान दीजिए प्रभु मुझे सोते जागते आपका ही दर्शन हो। भगवान तथास्तु कहते है और बलि को पाताल में जाने कहते है स्वयं भगवान राजा बलि के द्वारपाल बन जाते है। ऐसे भगवान भक्तो के प्रेम में बंध जाते है।

गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि, जो भगवान के भक्त के चरण पकड़ते हैं भगवान उनकी मुक्ति सबसे पहले करते है। उन्होंने कहा कि, गजेंद्र ने सबसे पहले नारायण को पुकारा तो नारायण ने आकर सबसे पहले मगर को मोक्ष प्रदान किया। जिन्होंने गजेंद्र के पैर को पकड़े हुए थे। बाद में उन्होंने गजेंद्र को मुक्ति दिलाई।

प्रेमिका ने प्रेमी के साथ मिलकर की चोरी, पकड़े गए पांच आरोपी

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का जशपुर पुलिस ने करोड़ों की चोरी के मामले का सनसनीखेज खुलासा किया है। थाना नारायणपुर क्षेत्र के ग्राम केराडीह, रैनीडांड में हुई इस चोरी में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आईफोन और ऐशो-आराम के लालच में भतीजी ने ही अपने बॉयफ्रेंड और साथियों के साथ मिलकर अपने बड़े पिताजी के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने घर से 15 लाख नगद और सोने-चांदी के जेवरात समेत करोड़ों रुपये से अधिक का माल चोरी किया। चोरी के पैसों से लग्जरी कार खरीदी गई, पार्टियां मनाई गईं और बाहर शहरों में मौज-मस्ती की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हरीयर कार, नगद रकम, सोने के बिस्किट, मंगलसूत्र, कड़ा, एक आईफोन और चार एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। युवाओं के आध्यात्मिक प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को राजधानी रायपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के मध्य निलाभ उद्यान परिसर में स्थित विशालकाय ध्यानमग्न प्रतिमा के समक्ष आयोजित होगा। कार्यक्रम में नगर निगम जोन क्रमांक 4 का सहयोग रहेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा वर्ग एवं नागरिक स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण करेंगे। नगर निगम द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की गई है।

पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर 11 को पुष्पांजलि कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर 11 जनवरी 2026 को राजधानी रायपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे जी.ई. रोड स्थित शास्त्री चौक के पास उनके प्रतिमा स्थल पर होगा। नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शास्त्री जी को सादर नमन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी एवं आम नागरिक शामिल होकर देश के महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

वार्ड 67 में गंदगी फैलाने पर 12 ठेले-दुकानदारों पर कार्रवाई, 5200 रुपये जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जोन 5 के जोन कमिश्नर खीर सागर नायक के मार्गदर्शन में भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 में सड़क किनारे गंदगी फैलाने वाले 12 पान ठेला, फल ठेला एवं चाट दुकानदारों पर कुल 5200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। औचक निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही सड़क पर अवैध कब्जा कर लगाए गए लगभग 5 ठेलों को हटाकर मार्ग को कब्जा मुक्त किया गया। कार्रवाई जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में की गई।

आमासिवनी बाजार में शासकीय भूमि से अवैध दुकान हटाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त विश्वदीप के आदेश एवं जोन 9 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर आमासिवनी बाजार में अभियान चलाया गया। जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत लगभग 2000 वर्गफीट शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई व्यवसायिक दुकान को नियमानुसार नोटिस देने के बाद जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ दिया गया। कार्रवाई कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब एवं उपअभियंता अतुल बंसल की उपस्थिति में की गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ननि का 475 करोड़ राजस्व का लक्ष्य, वसूले सिर्फ 125 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली को लेकर हड़कंप की स्थिति है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 475 करोड़ रुपये की वसूली का महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया है, लेकिन अब तक निगम के खजाने में केवल 135 करोड़ रुपये ही आए हैं। अब वित्तीय वर्ष खत्म होने में बचे मात्र 3 महीनों में 340 करोड़ रुपये वसूलना निगम अमले के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। गौरतलब है कि इस साल का टारगेट पिछले वर्ष की तुलना में 175 करोड़ रुपये अधिक है। राहत की बात यह है कि रायपुर की जनता अब डिजिटल भुगतान को अपना रही है। कुल करदाताओं में से 42 फीसदी ने घर बैठे ऑनलाइन प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया है। इसके अलावा, निगम ने शहर के 70 च्वाइस सेंटरों को भी टैक्स वसूली के लिए अधिकृत किया है। यहां नागरिक मात्र 30 रुपये ट्रांजेक्शन शुल्क देकर अपना टैक्स जमा कर सकते हैं, जिससे जोन कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री ने दिया नवा रायपुर में बने डिजिटल संग्रहालय को देखने का आमंत्रण

लोकसंस्कृति, जनजातीय गौरव और राष्ट्रबोध का संगम बना आदि लोकोत्सव: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गोवा के आदर्श ग्राम अमोन, पोंगुइनिम, गोवा में आयोजित 'आदि लोकोत्सव' पर्वङ्क2025 में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोकोत्सव को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में गोवा के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. रमेश तावड़कर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'आदि लोकोत्सव' के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह लोकोत्सव देश की आदिम संस्कृति से जुड़ने का एक जीवंत उत्सव है, जो भारत की लोक-सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।

गोवा में 25 वर्षों से सांस्कृतिक चेतना: उन्होंने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांव हमारी आत्मा हैं। गांवों की संस्कृति ही देश की संस्कृति है, जिसे लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और परंपराओं के माध्यम से जीवंत रखना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गोवा सरकार पिछले 25 वर्षों से इस सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने का कार्य कर रही है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में आदि लोकोत्सव और भी भव्य तथा व्यापक स्वरूप में आयोजित होगा।

अदम्य साहस से इतिहास रच दिया: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि जनजातीय इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजों को चुनौती दी और अपने अदम्य साहस से इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के अनेक महापुरुष ऐसे हैं, जिन्हें देश के इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय सेनानियों को देशभर में सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य किया है।

छत्तीसगढ़ में लगभग 32 प्रतिशत जनजातीय आबादी: मुख्यमंत्री साय ने रानी दुर्गावती के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि वे जनजातीय समाज की महान वीरांगना थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके गौरव को स्थायी स्वरूप देते हुए मध्यप्रदेश के जबलपुर में एक भव्य संग्रहालय का निर्माण कराया है, जो उनके शौर्य और बलिदान की अमिट स्मृति है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के जनजातीय सेनानियों के योगदान को विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 32 प्रतिशत जनजातीय आबादी निवास करती है और यहां के 14 जनजातीय महापुरुषों ने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुण्डाधुर, गेंद सिंह जैसे महापुरुषों ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष कर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया। शहीद वीर नारायण सिंह को अंग्रेजों ने राजधानी रायपुर के जय स्तंभ चौक में फांसी दी थी।

डिजिटल संग्रहालय को देखने का आमंत्रण: मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इन जनजातीय नायकों की स्मृति को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक उनके बलिदान की गाथा पहुंचाने के उद्देश्य से नया रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह डिजिटल संग्रहालय का निर्माण किया गया है। यह देश का पहला डिजिटल संग्रहालय है, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से हुआ। मुख्यमंत्री साय ने आदि लोकोत्सव में उपस्थित सभी लोगों को छत्तीसगढ़ आकर इस डिजिटल संग्रहालय को देखने का आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनजातीय समाज के लिए इससे बड़ा गौरव क्या हो सकता है कि आज देश के सर्वोच्च पद महामहिम राष्ट्रपति के रूप में भी जनजातीय समाज की बेटी सुशोभित हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री बनना प्रधानमंत्री श्री मोदी की समावेशी सोच का प्रमाण है।

बड़े पैमाने पर बजट और योजनाएं संचालित: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनमन योजना जैसी पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रद्धेय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानों का स्मरण किया और कहा कि उनके कार्यकाल में ही पहली बार देश में आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन हुआ, जिसके माध्यम से आज 12 करोड़ से अधिक जनजातीय नागरिकों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर बजट और योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के पहले कार्यकाल में उन्हें उनके साथ कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, जिसे वे अपना सौभाग्य मानते हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग के 'जाल' का खुलासा, महादेव सट्टा ऐप पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

सौरभ चंद्राकर और साथियों की 91.82 करोड़ की संपत्ति कुर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन बुक केस में प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। ईडी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और उसके करीबियों की 91.82 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि सट्टे की काली कमाई को सफेद करने के लिए बेनामी बैंक खातों और फर्जी विदेशी निवेश का सहारा लिया गया था।

इन संपत्तियों पर चला ईडी का 'हंटर'

ईडी की ताजा कार्रवाई में सौरभ चंद्राकर, अनिल कुमार अग्रवाल और विकास छपारिया से जुड़ी संस्थाओं मेसर्स परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट एलएलसी और मेसर्स एक्जिम जनरल ट्रेडिंग-जीजेडसीओ के बैंक खातों में जमा 74.28 करोड़ रुपये फ्रीज किए गए हैं। इसके अलावा, स्काई एक्सचेंज के मालिक हरि शंकर तिबरेवाल के करीबी गगन गुप्ता की 17.5 करोड़ रुपये की रियल एस्टेट संपत्तियां और नकदी जब्त की गई है।

शेयर बाजार के जरिए 'ब्लैक मनी' को किया गया 'व्हाइट'

जांच में मनी लॉन्ड्रिंग का एक हैरान करने वाला तरीका सामने आया है। सट्टे से कमाए गए पैसों को हवाला और क्रिप्टो के जरिए पहले भारत से बाहर भेजा गया। इसके बाद, इसी राशि को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के रूप में भारतीय शेयर बाजार में वापस लाया गया।

'कैशबैक' स्कीम का बड़ा खुलासा

ईडी को जांच में एक जटिल 'कैशबैक' सिस्टम मिला है। इसके तहत विदेशी संस्थाएं भारतीय सूचीबद्ध कंपनियों (जैसे मेसर्स सालसार टेक्नो इंजीनियरिंग और मेसर्स टाइगर लॉजिस्टिक्स) में भारी निवेश करती थीं। बदले में इन कंपनियों के प्रमोटरों को निवेश की गई राशि का 30त्न से 40त्न हिस्सा नकद में वापस करना होता था। इस खेल में गगन गुप्ता को 98 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभार्थी पाया गया है।

ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी और डेटा की हेराफेरी

महादेव ऐप और स्काई एक्सचेंज केवल सट्टा नहीं खिला रहे थे, बल्कि सिस्टम में ऐसी हेरफेर की गई थी कि अंततः ग्राहकों को आर्थिक नुकसान ही हो। फर्जी और चोरी किए गए केवायसी दस्तावेजों का उपयोग करके हजारों बेनामी बैंक खाते खोले गए थे, जिनका कोई हिसाब-किताब नहीं था।

11-12 जनवरी को कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों को गति देने के तहत रायपुर रेल मंडल के हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण किया जा रहा है। किमी 785/23-25 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 394 के स्थान पर आरयूबी निर्माण हेतु बॉक्स पुशिंग सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों का डी-लॉन्चिंग कार्य किया जाएगा। इसके लिए रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके चलते कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार 11 जनवरी 2026 को गाड़ी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू, 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू, 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर तथा 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेंगी। वहीं 12 जनवरी 2026 को गाड़ी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर और 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 11 जनवरी 2026 को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में ही समाप्त होगी, जिससे बिलासपुर-गोंदिया के बीच यह ट्रेन रद्द रहेगी। इसी प्रकार 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी।

कपड़ा कारोबारी से 46 लाख की ठगी, 2 ठग महिला भी शामिल

- बिजनेस पार्टनर बनाने पैसे लिए, घर बेचकर भागे आरोपी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एक कपड़ा कारोबारी से 46 लाख की ठगी हुई है। मामला काफी पुराना है। ठगों ने व्यापारी राजेश तलरेजा को ट्रांसपोर्ट कारोबार में पार्टनर बनाने का झांसा दिया और अलग-अलग 21 किश्तों में पैसे ले लिए, फिर अपना घर बेचकर खुद फरार हो गए।

ठगों ने तीन साल में 96 लाख रकम ली

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ठगों ने तीन साल में 96 लाख रकम ली थी, इसमें 50 लाख लौटा दिया था, बाकी के पैसे नहीं लौटाए थे। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, इसमें 2 महिला ठग भी शामिल है। रायपुर निवासी कपड़ा कारोबारी राजेश तलरेजा ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि बलवीर सिंग सेंस, शबनम खान और नवनीत कौर ने ट्रांसपोर्ट कारोबार में साझेदार बनाने का झांसा देकर 2001 से 2004 तक के बीच में 96 लाख 33 हजार रुपए लिए।

आरोपी घर बेचकर रायपुर से फरार

आरोपियों ने पार्टनर नहीं बनाया और पैसे वापस करने के नाम पर 50 लाख 7 हजार रुपए ट्रांसफर किए। पीड़ित कारोबारी राजेश तलरेजा ने अपना बचा हुआ 46 लाख रुपए मांगा तो आरोपी घर बेचकर रायपुर से फरार हो गए। कपड़ा कारोबारी ने आरोपियों के फरार होने की शिकायत थाने में की। तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों में से शामिल

बलवीर सिंग सेंस, शबनम खान, नवनीत कौर

21 किश्तों में आरोपियों ने लिए पैसे

पुलिस की जांच में सामने आया है कि ठगों ने कारोबारी से 21 किश्तों में पैसे लिए। पैसे वापस लेने के लिए कारोबारी ने कई चक्कर लगाए लेकिन ठग अपना घर बेचकर फरार हो गए है। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जल्द होगी गिरफ्तारी

सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया, कि पीड़ित राजेश तलरेजा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का केस दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान: समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन पर विशेष फोकस

स्वस्थ बचपन-सशक्त मातृत्व की दिशा में राज्य का संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के गठन के 25 वर्ष एवं वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में ÷सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान÷ की प्रभावशाली शुरुआत की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में प्रारंभ यह अभियान कुपोषण एवं एनीमिया जैसी गंभीर सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाता है।

यह अभियान 1 जनवरी 2026 से प्रदेश के आठ संवेदनशील एवं चयनित जिलों—बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर—में एक साथ लागू किया गया है। अभियान का मूल उद्देश्य कुपोषण मुक्त बचपन और स्वस्थ मातृत्व सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने तथा 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं, विशेषकर गर्भवती एवं धात्री माताओं में एनीमिया की समस्या को प्रभावी रूप से कम करने पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि किसी भी राज्य का भविष्य उसके बच्चों के स्वास्थ्य और माताओं के सशक्तिकरण पर निर्भर करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ सरकार कुपोषण के विरुद्ध केवल योजनागत नहीं, बल्कि संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। यह अभियान सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है।महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आगामी छह महीनों में महिलाओं में रक्ताल्पता की दर में उल्लेखनीय कमी लाने, गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में ठोस सुधार करने तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम पर विशेष जोर

सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति के उद्देश्य से समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश में कुपोषण की दर में कमी लाने तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए लक्षित प्रयास किए जाएंगे। गंभीर एवं मध्यम कुपोषित (एसएएम, एमएएम) बच्चों, संकटग्रस्त बच्चों तथा चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष समुदाय आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से कवर किया जाएगा। अभियान के तहत सुपोषण दूतों का चयन किया जा रहा है, जो 70 प्रतिशत मध्यम कुपोषित एवं 30 प्रतिशत गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लेकर विभागीय योजनाओं एवं समुदाय के सहयोग से उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करेंगे। बच्चों को सामान्य पोषण स्तर में लाने पर सुपोषण दूतों को प्रति बच्चा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार महिला स्व-सहायता समूहों को भी कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी देखभाल से जोड़ा जाएगा, जिन्हें निर्धारित मानदेय के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कुपोषण के प्रभावी प्रबंधन एवं सतत निगरानी के लिए जिला स्तर पर प्रबंध समिति का गठन किया गया है। साथ ही कुपोषित बच्चों को स्थानीय निधि से पोषण आहार उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सुविचार

जब भी जरा सा पैर फिसला तो इल्जाम उसी चप्पल पर लगाया सबने महीनों तपती धरती और कांटों से बचाया था जिसने।

ईडी का छापा दीदी ने खोया आपा

बंगाल के बहुचर्चित कोयला घोटाले और मनिलॉड्रिंग के मामले में केन्द्रीय प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने नई दिल्ली और कोलकाता में 10 स्थानों पर छापामार कार्यवाही की। इस सिलसिले में ईडी ने एक एजेंसी आईपैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के आफिस और आवास पर भी रेड डाली। यह एजेंसी ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी का चुनावी काम देखती है। यह वही एजेंसी है जिसे पहले प्रशांत किशोर चलाया करते थे लेकिन जब उन्होंने जनसुराज नामक राजनीतिक पार्टी बना ली और सक्रिय राजनीति में आ गये तब से प्रतीक जैन इस एजेंसी के संचालक है। ईडी ने उनके घर और दफ्तर में छापा मारा तो इसकी खबर मिलते ही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुख्य सचिव और पुलिस कमीशनर सहित पूरे दल बल के साथ प्रतिक जैन के आवास पर पहुंच गई और ईडी की कार्यवाही में बाधा डालते हुए एक हरे रंग की फाइल लेकर चली गई। ममता बनर्जी के साथ आये। अधिकारियों ने भी वहां से कई फाइलें और अन्य समान उठा लिए। इसके बाद ममता बनर्जी ने ईडी की कार्यवाही के खिलाफ आंदोलन का संखनाद कर दिया और गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर बरसी। उन्होंने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार ईडी का दुरूपयोग कर रही है और उसने तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति से संबंधित समाग्री जब्त कर ली है। यह लोकतंत्र की हत्या है और वे इसका हर स्तर पर विरोध करेंगी। यही नहीं बल्कि ममता बनर्जी के निर्देश पर बंगाल पुलिस ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है। जबकि दूसरी ओर ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके ममता बनर्जी की सरकार पर ईडी की जांच पर बाधा डालने का आरोप लगाया है और कहा है कि ईडी ने किसी राजनीतिक पार्टी के दफ्तर में दबिश नहीं दी है। यह छापामार कार्यवाही कोयला घोटाले और मनीलॉड्रिंग के केस को लेकर की गई है जिसके ईडी के पास पर्याप्त सबूत हैं। बहरहाल ईडी के छापे को लेकर ममता बनर्जी ने जिस तरह अपना आपा खोया है उससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर उन फाइलों में ऐसा क्या था कि ममता बनर्जी उसे खुद उठाकर ले गई हैं। ईडी और सीबीआई की कार्यवाही के खिलाफ ममता बनर्जी का यह आक्रामक रवैया कोई नहीं बात नहीं है। पूर्व में जब सारदा चीट फंड घोटाले के दौरान सीबीआई ने कोलकाता के पुलिस कमीशनर के यहां छापा मारा था। तब भी ममता बनर्जी पुलिस कमीशनर के घर पहुंची थी और वहां सीबीआई के खिलाफ धरने पर बैठी थी। इसी तरह जब ईडी ने संदेशखाली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ छापामार कार्यवाही की थी तब वहां ईडी की टीम पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हमला किया था और बंगाल सरकार ने ईडी के खिलाफ ही जुर्म दर्ज कर दिया था। बहरहाल ईडी की इस कार्यवाही को लेकर कोलकाता से लेकर दिल्ली तक कोहराम मच गया है। टीएमसी सांसदों ने नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के घर के सामने प्रदर्शन किया। बंगाल विधानसभा चुनाव के एन पहले ईडी के छापे को लेकर सियासत गर्मा गई है और अब यह भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन सकता है।

यातायात नियमों का कड़ाई से पालन जरूरी

केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गटकरी की अध्यक्षता में देश के सभी राज्यों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में छत्तीसगढ़ के परिवहन मंत्री केदारकश्यप भी शामिल हुए जिसमें उन्होंने वाहन सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों का छत्तीसगढ़ में पालन कराये जाने तथा प्रदेश के सभी परिवहन कार्यालयों में ई-ट्रैक निर्माण की योजना के बाबात् जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के बारे में भी केन्द्रीय परिवहन मंत्री को अवगत कराया जिसकी नीतिन गडकरी ने सराकहना की और देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए यातायात नियमों का कड़ाईपूर्वक पालन सुनिश्चित करन के निर्देश दिये। वास्तव में देश के अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करना ही है। इसके लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाने जरूरी है। साथ ही जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए। नए मोटर विकल अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि इन प्रावधानों को कड़ाईपूर्वक लागू किया जाये तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ बिना किसी हेतु के और बिना किसी रूकावट के हरि और गुरु की आज्ञा मानते हुए चले जाओ यही परम धर्म है, इससे बड़ा धर्म नहीं मानता मैं।

◆ जब गुरु हम पर कठोरता करने लगे तब

◆ शिष्य को निश्चिंत हो जाना चाहिए, अब मेरा काम बन गया !

◆ मस्ती ही आध्यात्म है। आनंद ही आध्यात्म है। अपना सुख ही आध्यात्म है। मुक्ति ही आध्यात्म है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1616 - ब्रिटिश राजदूत सर थॉमस रो ने अजमेर में जहांगीर से मुलाकात की। 1836 - प्रोफेसर मधुसूदन गुप्ता ने अपने चार छात्रों के साथ मिल कर पहली बाद मानव शरीर का विच्छेदन कर आंतरिक संरचना का अध्ययन किया। 1839- भारतीय चाय इंग्लैंड पहुँची। 1863 - लंदन में विश्व की पहली भूमिगत रेल की सेवा शुरू। 1910- पहली एयर मीट हुई। 1912 - ब्रिटिश नरेश जार्ज पंचम और रानी मैरी ने भारत छोड़ा। 1916 - प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रूस ने ओटोमन साम्रज्य को हराया। 1920- राष्ट्रसंघ की स्थापना हुई। वर्साय संधि के आधिकारिक तौर पर प्रभाव में आने से प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ। 1946 - लंदन में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक में 51 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 1963 - भारत सरकार ने स्वर्ण नियंत्रण योजना की शुरुआत की। 1972 - पाकिस्तान में जेल में नौ महीने से अधिक समय तक कैद रहने के बाद बाद शेख मुजीबुर रहमान बंगलादेश पहुंचे।

विश्व संवाद की नई धुरी बनती हिन्दी

योगेश कुमार गोयल

लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और उसका सम्मान व प्रचार-प्रसार करना केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्त्तव्य है। जब तक हम स्वयं अपने दैनिक जीवन, शिक्षा, प्रशासन, तकनीक और डिजिटल मंचों पर हिन्दी को अपनाने का साहस नहीं करेंगे, तब तक इसके विकास की अपेक्षा अधूरी ही रहेगी। साथ ही यह अहसास कराना भी जरूरी है कि भले ही वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी का प्रभाव लंबे समय से बना हुआ है परन्तु हिन्दी आज किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। इंटरनेट, तकनीक, शिक्षा, व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय संवाद के क्षेत्र में हिन्दी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम भाषायी हीनभावना से बाहर निकलकर हिन्दी को गर्व के साथ अपनाएं और उसे विश्व मंच पर उसका उचित स्थान दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ रही है और हिन्दी की इस बढ़ती ताकत का सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय भले ही आज अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात् भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' के द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में पचहत्तर करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं।

इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर चौदह करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं।



विश्व हिन्दी दिवस पर विशेष

हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी 'एप' लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी।

भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैंकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगर भारतीय परिवेश में हिन्दी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिन्दी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं। हिन्दी का करीब 1.2 लाख शब्दों का समृद्ध भाषा कोष होने के बावजूद अधिकांश लोग हिन्दी लिखते और बोलते समय अंग्रेजी भाषा के शब्दों का दिल खोलकर इस्तेमाल करते हैं।

ऐसे में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को हिन्दी भाषा के विकास, उसके व्यापक उपयोग के लाभ तथा उपेक्षा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए।

हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय आत्मसम्मान की संवाहक है। जब हम अपनी ही भाषा के प्रयोग से संकोच करते हैं तो अनजाने में अपनी पहचान को भी कमजोर करते हैं। हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग न केवल भाषा को समृद्ध बनाता है बल्कि समाज में सहजता, समानता और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूत करता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और उसका सम्मान व प्रचार-प्रसार करना केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्त्तव्य है। जब तक हम स्वयं अपने दैनिक जीवन, शिक्षा, प्रशासन, तकनीक और डिजिटल मंचों पर हिन्दी को अपनाने का साहस नहीं करेंगे, तब तक इसके विकास की अपेक्षा अधूरी ही रहेगी। साथ ही यह अहसास कराना भी जरूरी है कि भले ही वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी का प्रभाव लंबे समय से बना हुआ है परन्तु हिन्दी आज किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। इंटरनेट, तकनीक, शिक्षा, व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय संवाद के क्षेत्र में हिन्दी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम भाषायी हीनभावना से बाहर निकलकर हिन्दी को गर्व के साथ अपनाएं और उसे विश्व मंच पर उसका उचित स्थान दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

चिकित्सकों के विरुद्द हिंसा : चिंतनीय पहलू



डॉ. देवेन्द्र नाथ शर्मा

किन्तु देश के सभी राज्यों में ऐसे अधिनियम लागू नहीं है द्य क्या केवल कानूनों से ऐसा दुर्व्यवहार तथा हिंसा को रोका जा सकता है ? स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोगियों व उनके परिजनों की मनो-स्थितियों को समझ कर उसके अनुरूप अपने व्यवहार में सुसंगत परिवर्तन लाना होगा । ऐसी हिंसात्मक परिस्थितियों से निपटने के लिए यह तर्कसंगत है कि रोगियों, विशेषकर गंभीर किस्म के रोगियों उनके परिजनों से चिकित्सक के बीच सुसंगत संबाद एवं व्यवहार हो तो समस्या का बहुत कुछ रोकथाम संभव है। सरकारी सेवा प्रदाताओं व निजी अस्पतालों द्वारा नाजायज वसूली पर लगाम लगाना भी आवश्यक है । यह जरुरी लगता है कि अस्पताल प्रबंधन के पाठ्यक्रमों में ऐसे हिंसात्मक व्यवहार का सामना करने और इनसे बचाव के सुरक्षात्मक उपायों व जतनों पर प्रभावी शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जावे।

चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों के साथ हिंसक व्यवहार की घटनाएँ अब आम हो गई हैं । डाक्टर को जिस देश में भगवान-तुल्य माना जाता रहा है, वहां उसके विरुद्द हिंसा की वारदातों का लगातार बढ़ना चिंतनीय है। एक अध्ययन में देश के 75त्न ऐलोपैथिक चिकित्सकों के साथ मरीज के परिजनों द्वारा कभी न कभी दुर्व्यवहार होना पाया गया है, जो समस्या की विकरालता को दिखलाता है।

चिकित्सकों का समाज में हमेशा सम्मान रहा है द्य रुग्ण व्यक्तियों की शारीरिक व मानसिक पीड़ा को कम करने व उन्हें चंगा कर देने के लिए दिन-रात लगन से सेवा देने वाले चिकित्सकों की सामाजिक प्रतिष्ठा सर्वोपरी रही है। परन्तु कुछ वर्षो से चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य प्रदायकों से रोगी या उनके परिजनों द्वारा मौखिक या हिंसात्मक दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार देश के 75% चिकित्सकों ने कभी-न-कभी मौखिक या भौतिक दुर्व्यवहार का सामना किया है । भारत अपनी जीडीपी का मात्र 2% ही चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करता है। इतने कम बजट में देश के डेढ़ अरब की जनसँख्या तक मानक स्वास्थ्य सेवाओं को संतोषजनक ढंग से पंहुचाना कठिन है। सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों पर आदर्श संख्या में चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ सेवा प्रदाताओं की तैनाती कम या नहीं होना, उनकी अनुपस्थिति या लेट-लतीफी दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीजों व उनके परिजनों में असंतोष पनपाता है। इन सरकारी केन्द्रों में मरीजों को रोग निदान हेतु आवश्यक जांच सुविधाएँ, उपचार व अन्य सेवाएं की असंतोषजनक प्रदायकी, बदइन्तजामी व लापरवाही, अवैध बसूली और मरीजो के प्रति सेवा प्रदाताओं का अपमानजनक रवैय्या, ऐसे प्रमुख कारण हैं जिनसे आक्रोशित होकर रोगी के परिजन मौखिक व भौतिक दुर्व्यवहार कर बैठते हैं द्य अस्पताल की लापरवाही से मरीज की हालत ज्यादा बिगड़ने या मौत हो जाने की स्थिति में रोगी के उत्तेजित परिजन व मित्र कभी कभी मार-पीट या तोड़फोड़ जैसे हिंसात्मक कृत्य भी कर देते हैं। सरकारी अस्पतालों के मुकाबले निजी अस्पतालों व नर्सिंग होमों में चिकित्सकों को मौखिक या भौतिक हिंसा की स्थितियों से अपेक्षाकृत ज्यादा गुजरना पढ़ता है। निजी चिकित्सा संस्थानों में रोग निदान, उपचार व नर्सिंग सेवाओं के लिए अच्छा-खासा भुगतान मरीजों को करना पड़ता हैं द्य जब वांछित परिणाम नहीं मिलता है तो उनका असंतोष कभी-कभी आक्रामकता का कोई भी रूप ले लेता है। निजी अस्पतालों में ऐसी आक्रामक घटनाएँ अक्सर गंभीर किस्म के मरीजों के जीवित या मृत अवस्था में डिसचार्ज करने समय ज्यादा होती हैं । अस्पताल में असंतोषजनक उपचार से मरीज के जीवित न रह पाने के बाद आईसीयू, रेस्पीरेटर आदि का भारी-भरकम बिल के भुगतान के बिना मृतक का शव नहीं मिलने का दबाव मानसिक रूप से मरीज के परिजनों को व्यथित कर देता है। लम्बे समय तक भर्ती रहने के बाद भी मरीज के रोग का सही निदान न हो पाने अथवा उपयुक्त उपचार के न मिलने, आयुष्मान कार्डधारी से भी अवैध वसूली करने की अवस्था में बिल भुगतान को लेकर मरीज के परिजन डिस्चार्ज के समय आवेश में आकर विवाद कर लेते हैं जिससे कभी-कभी तनातनी की स्थिति बन जाती है द्य कुछ निजी अस्पतालों के विषय में आम धारणा यह भी है कि इन अस्पतालों में अनावश्यक परिक्षण कराये जाते हैं, आईसीयू में मरीज को वगैर जरुरत या जरुरत से अधिक दिनों तक भर्ती रखने या वेंटीलेटर पर जबरन रखने की कोशिश रहती है, ज्यादा दवाइयाँ मंगवाई जाती है जबकि लगती कम हैं। ऐसी धारणाओं के चलते मरीज व उसके परिजन अपने को उत्पीड़ित व ठगा महसूस कर कभी-कभी आक्रामक हो जाते हैं। संगीन मारपीट या तोड़फोड़ जैसी हिंसात्मक घटनाएँ कभी-कभी कुछ नेतानुमा लोगों के भड़काने पर विकराल रूप ले लेती हैं। यह देखा गया है कि अधिकतर बेजा मुनाफाखोरी की नियत से संचालित निजी अस्पतालों में ऐसी हिंसक घटनाएं आपेक्षाकृत अधिक होती हैं। आईएमए व अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदायकों के संगठनों की लगातार मांग के फलस्वरूप स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा नैदानिक संस्थानों के विरुद्ध हिंसा से सुरक्षा देने संबंधी बिल को केंद्र सरकार ने 2022 में संसद में पेश किया गया था किंतु यह बिल अब तक पारित नहीं हो सका है द्य हालाकि, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आँध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल व केरल राज्यों ने अपने राज्य में चिकित्सा सेवा व्यक्तियों और संस्थाओं की सुरक्षा हेतु अधिनियम लागू किये है द्य इन अधिनियमों के तहत 3-5 साल तक की सजा तथा जुर्माने का प्रावधान है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

है मोहन सरकार

है मोहन सरकार मुहे से कुछ ना बोलौ! होइ जई F.I.R मुहे से कुछ ना बोलौ!! स्वच्छ शहर म लोग पिए नाला के पानी, मुनिया पड़ी बीमार मुहे से कुछ ना बोलौ !! सत्रह अठरह लोगन के ही जान चली गै, फ़ाइल म है चार मुहे से कुछ ना बोलौ !! ज्यादा किहे सवाल तुरत घंटा पकड़इहै, नेता जी हुसियार मुहे से कुछ ना बोलौ !! स्वच्छ रहा इंदौर हमेशा अब्बल आबा, किहिन नाम तार तार मुहे से कुछ ना बोलौ !!

- कवि आशीष तिवारी जुगनू

फूस के घर अभी

फूस के घर अभी जल रहे तुम आज अपना हाथ सेक लो वक्त आया है अभी मेरे कत्ल का ऐ दोस्त! तुम तमाशा देख लो कल तेरे आंसुओ से धुलेंगे चेहरे हर कपड़ा गीला मिलेगा सोच लो हम शायद बहुत याद आएंगे तब खाक में पड़े होंगे जब बेफिक्र सोच लो बदल लो नियत गर बदल सको वक्त ना मिलेगा रोओगे देख लो खबर है मुझे कि कोई नही तेरे हम फूटोगे कल क्या कहकर देख लो। बस यूं ही

- प्रीति श्रीवास्तव

एक बूँद ही तो है वह जो बनी हैं मोती क्यूं

एक बूँद ही तो है वह जो बनी हैं मोती क्यूं कि उस नन्हीं बूँद ने सीप के अँधेरे कोटरी में बिताये है कही दिन और उसकी रातें कटी हैं स्याह अकेलेपन में मोती सा दमकने के लिए सहनी पडती है कितनी ही यातनाएँ पूछो ना उस नन्ही बूँद से । **- सरिता सैल**

अभियुक्त को जमानत देना

अभियुक्त को जमानत देना या नहीं देना पूर्णतः न्यायालय के विवेक निर्भर पर होता है ,चाहे आरोपी कोई भी हो धरना प्रदर्शन नारेबाजी से मामला और बिगडता है अभियोजन सीधे कहेगा कि आरोपी इतने प्रभावशाली है कि इनके गुर्गे हर जगह है जो कानून व्यवस्था के लिये खतरा है ,आरोपी गवाहो को परेशान कर सकता है । **- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

छोड़ के पिंजरा ये चिड़िया

छोड़ के पिंजरा ये चिड़िया आकाश में उड़ जायेगी तन की सुन्दरत भला ये कब तलक रह पाएगी कर दो अर्पित सब समर्पित तुम अपने आराध्य को एक दिन दुनिया ये सारी ख़ाक में मिल जायेगी। **- संजय कुमार गिरि**

ये दिख रही दुनियादारी है जो

ये दिख रही दुनियादारी है जो तुम्हारी वही हमारी है। यहाँ दिखा तिमारदारी है हर तरफही साझेदारी है। उलझनें कभी मिटती नहीं जिंदगी से चलती यारी है। परिंदों की जान पर आई देख खुश हुआ शिकारी है। यूं पत्ते सारे पीले पड़ रहे लगे फिर फ़ज़ां में तारी है।

- सपना चन्द्रा

बहुत कठिन होता हैं जीवन का

बहुत कठिन होता हैं जीवन का मर्म का संघर्ष हंसते हुए आगे बढ़ना कठिनाइयों से हमेशा लड़ते लड़ते टूट जाता है हर सपना जब शरीर ही नश्वर हो तो कैसे कोई अपना बह जाते हैं आंसू अक्सर जब दर्द बन जाते हैं अपना तुम्हे कैसे बताऊं जीवन का वह सपना नहीं लिख सका उम्मीदों का वह पल अपना।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा साथ ही आज खर्चो पर नियंत्रण नही रहेगा अधिकांश खर्च आज आवश्यक ही होंगे पर दिखावे के ऊपर ही।

वृषः आज का दिन आपके लिए विशेष परिश्रम वाला रहेगा मन ना होने पर भी कई दिनों से रुके घरेलू कार्य के साथ व्यावसायिक कार्य भी एकसाथ आने से स्वभाव में चिड़चिड़ापन बनेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा बुद्धि विवेक रहने के बाद भी हर काम मे अपनी ही चलाएंगे चाहे फिर आगे उसका नतीजा विपरीत ही क्यो ना निकले।

कर्कः आज का दिन भी आपको शुभ फल देने वाला है। आज आप अपने व्यवहार कुशलता से किसी का भी दिल जीत सकते हैं आज के दिनों से मन मे चल रही किसी कामना पूर्ति से उत्साह बढ़ेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा स्वभाव में आलस्य दिन के आरंभ से ही छाया रहेगा फिर भी अतिआवश्यक कार्यो में विलंब नही होने देंगे।

कन्याः आज के दिन चंचलता आपके मन मस्तिष्क पर हावी रहेगी। स्वयं किसी को।कुछ भी बोल देंगे लेकिन किसी अन्य की छोटी सी बात भी सहन नही कर पाएंगे जिससे टकराव की स्थिति बनेगी।

तुलाः आज का दिन आपको प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रातःकाल से ही परिज अथवा किसी अन्य महत्त्वपूर्ण व्यक्ति की जिद परेशानी में डालेगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा। आज आप वाणी की मधुरता एवं युक्तियों के बल पर बड़े लोगो से सम्बन्ध बनाएंगे जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे आज भी जोखिम वाले कार्यो में थोड़ी परेशानी के बाद लाभ अवश्य होगा।

धनुः आज के दिन का पूर्वार्ध शुभफलदायी रहेगा स्वभाव में मनमानी रहने के कारण परिजनों को परेशानी होगी घरेलू समस्याओं के समाधान करने की जगह टरकाने पर किसी से झड़प हो सकती है।

मकरः आज का दिन आप सुख-शांति से व्यतीत करेंगे नए कार्य के आरम्भ की रूप रेखा बनाएंगे लेकिन आज आलस्य के कारण बीच मे ही भूल भी जाएंगे।

कुंभः आज के दिन आपको प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव रहने से कार्य में मन नहीं लगेगा पूर्व में लिए किसी गलत निर्णय के कारण भी आज हानि होने की संभावना है बेहतर रहेगा।

मीनः आज के दिन आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे लेकिन आपका स्वभाव पल पल में बदलने से सहजनो को असुविधा होगी।

QUIZ TIME

1) भारत का पहला स्लम फ्री शहर कौन बनने वाला है?

2) भारत का पहला सरकारी अस्पताल आधारित एआई क्लिनिक कहाँ स्थापित किया गया है?

3) हाल ही में किस राज्य सरकार ने स्कूलों में अखबार पढ़ना अनिवार्य किया है?

4) महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए यूपी वॉरियर्स की कप्तान कौन बनी है?

5) राष्ट्रीय पक्षी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सूरत (2) ग्रेटर नोएडा (3) राजस्थान (4) मेग लैनिंग (5) 5 जनवरी

न्यूज गैलरी

सेक्टर 8 पार्क में ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता 11 जनवरी को

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जनवरी 2026 को सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत सुरक्षा के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने और सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 11 जनवरी को सुनीति उद्यान सेक्टर-8 पार्क में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। पेंटिंग के लिये आवश्यक सामग्री जैसे पेंसिल, वाटर कलर, ऑयल पेंट, क्रेयॉन कलर आदि प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 जनवरी को

दुर्ग /नवप्रदेश।। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक दुर्ग में मंगलवार 13 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के तीन कंपनियों में भर्ती की जाएगी। रिलेशनशिप मैनेजर-12 पद, इलेक्ट्रीशियन-200 पद, फील्ड ऑफिसर-25 पद, असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी-20 पद, डिप्टी एडवाइजर-20 पद, सेल्स ऑफिसर-20 पद, कलेक्शन ऑफिसर-20 पद और रिलेशनशिप ऑफिसर के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस तरह कुल 337 रिक्त पदों के लिये हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।

प्राचार्य से बदतमीजी करने वाले मुख्य आरोपी को नहीं मिली जमानत

भिलाई/नवप्रदेश। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य कक्ष में घुसकर शासकीय संपत्ति की तोड़-फोड़ कर उत्पात मचाने वाले मुख्य आरोपी नितेश गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में उसे जमानत नहीं मिल पाई है। मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।भिलाईनगर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य ने थाना भिलाई नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 9 दिसंबर को कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 7 भिलाई नगर में प्राचार्य कक्ष में परीक्षा फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का कार्य चल रहा था। उसी समय महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय के अंदर अनधिकृत रूप से प्रवेश कर अश्लील गाली-गलौज करते हुए प्राचार्य के टेबल पर रखे शासकीय दस्तावेज को उठाकर फेंक दिए। दस्तावेज फाड़कर स्याही डालकर खराब कर दिया। इससे शासकीय दस्तावेज की क्षति हुई। वहीं शासकीय संपत्ति को क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचाया गया था।

दुर्ग शहर और ग्रामीण विधानसभा के विकास कार्यों हेतु 57.30 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिले के दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 57.30 लाख रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 के आबंटन से राशि जारी की गई है। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 29.97 लाख रुपए और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास हेतु 27.33 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इन कार्यों के संपादन के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दुर्ग और जनपद पंचायत दुर्ग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

ठीक से गाड़ी चलाने कहा तो बुजुर्ग की कर दी हत्या

भिलाई / नवप्रदेश।। बुधवार की शाम एक दुपहिया वाहन चालक को ठीक से गाड़ी चलाने की सलाह देने पर बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। युवक ने बुजुर्ग को हाथ और मुक्के से इतना पीटा कि बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के साथी को भी चोट आई है। सूचना मिलते ही छावनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पाटन विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों हेतु 23.50 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग / नवप्रदेश।। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 23.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के संपादन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। पाटन विधानसभा के ग्राम पंचायत छाटा के निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6.50 लाख, ग्राम पंचायत डिडाभाठा (रानीतराई) के निषाद पारा में सामुदायिक भवन के पास किचन शेड व नाली निर्माण के लिए, ग्राम बीजाभाठा के मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य के लिए और ग्राम महकाखुर्द के पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु 5-5 लाख रुपए और ग्राम पंदर में लीला चौरा के पास बाउंड्रीवाल निर्माण करने 2 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

घर में अचानक लगी आग

दुर्ग / नवप्रदेश। बुधवार की सुबह लगभग 4 बजे मोहन नगर निवासी सायरा बानो के घर में अचानक आग लग गई। जानकारी मिलने पर दमकल विभाग के अग्निशमन अधिकारी गौरव सिंह के निर्देश पर अग्निशमन टीम में शामिल शरद प्रधान, नागेश, धर्मेंद्र, चंद्रशेखर, दीपक व राहुल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। मोहन नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक: जब मशीन धन्यवाद कहती है और व्यवस्था परिवार के भविष्य तक साथ देती है

भिलाई/नवप्रदेश। सुबह की शिफ्ट शुरू होने से पहले भिलाई इस्पात संयंत्र के हर विभाग में एक परिचित दृश्य दिखाई देता है। ठेका श्रमिक बायोमेट्रिक मशीन के सामने खड़ा होता है, अपना चेहरा मशीन की ओर करता है और कुछ ही क्षणों में मशीन से एक साफ आवाज़ आती है– धन्यवाद। यह केवल उपस्थिति दर्ज होने की औपचारिकता नहीं है, बल्कि उस भरोसे का संकेत है कि श्रमिक की मेहनत दर्ज हो चुकी है और उसे उसका पूरा अधिकार मिलेगा।

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों के प्रबंधन और कल्याण के लिए अपनाई गई व्यवस्थाएं अब एक ऐसी मानवीय और जवाबदेह प्रणाली के रूप में उभर रही हैं, जिसमें तकनीक, विधिक अनुपालन और संवेदना–तीनों का संतुलन दिखाई देता है। बीएसपी में हर विभाग में फेशियल रिकग्निशन आधारित बायोमेट्रिक मशीनें स्थापित की गई हैं। ठेका श्रमिक स्वयं अपनी हाजरी दर्ज करता है, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप की गुंजाइश समाप्त हो जाती है। यही उपस्थिति डेटा सरकार द्वारा निर्धारित फॉर्म-डी (उपस्थिति रजिस्टर) का आधार बनता है। इसी तरह फॉर्म-बी, जो सरकार द्वारा निर्धारित वेतन रजिस्टर है, उसमें न्यूनतम वेतन, भत्ते और भुगतान का पूरा विवरण दर्ज किया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी श्रमिक को तय मानकों से कम वेतन न मिले और पारदर्शिता बनी रहे।

ठेका श्रमिकों के आर्थिक अधिकारों की रक्षा के लिए बीएसपी ने एसडीसी व्यवस्था को सख्ती से लागू किया है। ठेकेदार का कोई भी बिल तब तक क्लियर नहीं किया जाता, जब तक यह सत्यापित न हो जाए कि श्रमिकों को पूरा वेतन भुगतान किया गया है और उनका भविष्य निधि एवं ईएसआईसी का योगदान ठेकेदार द्वारा विधिवत जमा किया गया है।

श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रोत्साहन योजना

बीएसपी की पहल केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं है। ठेका श्रमिकों के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उनके मेधावी बच्चों को 5,000 से 10,000 तक की छात्रवृत्ति दी जाती है। यह संदेश स्पष्ट है कि श्रमिक के साथ-साथ उसके परिवार और आने वाली पीढ़ी का विकास भी संयंत्र की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में प्री-पूर्व और आवधिक मेडिकल जांच, महिला श्रमिकों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' जैसे विशेष स्वास्थ्य शिविर तथा नियमित सेफ्टी ट्रेनिंग यह दर्शाते हैं कि ठेकाकर्मी श्रमिक को केवल कार्यबल नहीं, बल्कि एक सम्मानित इंसान के रूप में देखा जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र की यह व्यवस्था यह साबित करती है कि औद्योगिक विकास तभी सार्थक होता है, जब उसके केंद्र में श्रमिक की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य हो।

संक्षेप में :-

- ठेका श्रमिकों के लिए बीएसपी की प्रमुख पहल
- -बायोमेट्रिक हाजरी व्यवस्था
- -हर विभाग में फेशियल रिकग्निशन मशीन
- -श्रमिक स्वयं दर्ज करता है उपस्थिति
- -मशीन से धन्यवाद की पुष्टि फॉर्म- बी और फॉर्म-डी
- -फॉर्म-बीः सरकार द्वारा निर्धारित वेतन रजिस्टर
- -फॉर्म-डीः सरकार द्वारा निर्धारित उपस्थिति रजिस्टर
- -डिजिटल और सत्यापित रिकॉर्ड
- एसडीसी क्लियरेंस अनिवार्य
- -सही वेतन भुगतान के बिना बिल पास नहीं
- -पीएफ और ईएसआईसी जमा होने की जांच अनिवार्य
- -श्रमिक हित सर्वोपरि
- एस्क्रो अकाउंट (प्रक्रियाधीन)
- -सही समय पर सही वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्था
- -भुगतान प्रक्रिया को और अधिक अनुशासित व पारदर्शी बनाने की पहल
- सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण
- -10 लाख का कंपलसरी जीपीएआईएस बीमा
- -दुर्घटना मृत्यु पर परिवार के एक पात्र सदस्य को नियमित नौकरी
- -नियमित मेडिकल जांच व सेफ्टी ट्रेनिंग
- -प्रोत्साहन योजना
- -ठेका श्रमिकों के मेधावी बच्चों को
- -5,000 से 10,000 तक छात्रवृत्ति
- - शिक्षा के माध्यम से भविष्य निर्माण पर जोर

स्पष्ट सिद्धांत है—श्रमिक का हक पहले, ठेकेदार को भुगतान बाद में

वेतन भुगतान व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से एस्क्रो अकाउंट प्रणाली प्रक्रियाधीन है, जिससे ठेका श्रमिकों को सही समय पर सही वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा और भुगतान प्रक्रिया और अधिक अनुशासित व पारदर्शी बनेगी। सुरक्षा और सामाजिक संवेदना बीएसपी की नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्य के दौरान यदि दुर्भाग्यवश किसी ठेका श्रमिक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार के एक पात्र सदस्य को बीएसपी में नियमित नौकरी देने की नीति है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ठेका श्रमिक को ₹10 लाख का कंपलसरी बीएसपी दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया गया है, ताकि परिवार को तत्काल आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

टेक्नोलॉजी के दुरूपयोग को रोकने उठाएं समुचित कदम : आई पी मिश्रा

- श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस भिलाई में इंटरनेशनल कांफ्रेंस शुरू

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस भिलाई में इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन एडवांसेस इन इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटिंग एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजीज 2026 की शुरुआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन व श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के चांसलर आईपी मिश्रा, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. वूई चिन लॉन्ग (प्रोफेसर, टेक्निकल विश्वविद्यालय मलेशिया), एसएसपीयू की इंचार्ज वाइस चांसलर डॉ. स्मिता सेलट, निदेशक डॉ. पीबी देशमुख, शंकराचार्य महाविद्यालय के निदेशक डॉ. दुर्गा राव और प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, चेयर डॉ. शिम्पी रल्हन, डॉ. समता गजभिये और डॉ सिद्धार्थ चौबे सहित विश्वविद्यालय के डीन, संस्था के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, विभिन्न स्थानों से आए शोधकर्ता, विद्यार्थी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में देश-विदेश के प्रख्यात शिक्षाविदों ने शिरकत की।

पहले दिन इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटिंग और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी बदलावों पर केंद्रित इन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। संस्था के निदेशक डॉ. पीबी देशमुख ने उदाहरण देकर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में प्रकृति और मानव संरक्षण में प्रभावी रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है।

मुख्य अतिथि चेयरमैन आईपी मिश्रा ने कहा कि आईसीएईसीटी 2026 का उद्देश्य शोधकर्ताओं को एक ऐसा वैश्विक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी नवीन खोजों को साझा कर सकें। यह सम्मेलन न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि शोध द्वारा तकनीकी की प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नवाचार को बढ़ावा देने हम फैकल्टी और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर समुचित कदम उठाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता डॉ. वूई चिन लॉन्ग ने एआई व मशीन लाइटेनिंग के क्षेत्र में होने वाली तकनीकों के भविष्य पर जोर डाला और उसे रिनिएबल एनर्जी से जोड़ा।

सेल-बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा टीक्यूटी-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

भिलाई /नवप्रदेश। सेल-बीएसपी का शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 के कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिये आवेदन आमंत्रित कर रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भिलाई और माइन्स क्षेत्र से बीएसपी/गैर-बीएसपी स्कूलों में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बीएसपी कर्मचारियों के मेधावी बच्चों की पहचान के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। टीक्यूटी-2026 की प्रस्तावित तिथि 31 जनवरी है।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 के कक्षा नौवीं में प्रवेश और बीएसपी कर्मचारी के मेधावी बच्चों के प्रदर्शन को पुरस्कृत करने के लिए एक ही परीक्षा टीक्यूटी 2026 आयोजित की जाएगी। बीएसपी कर्मचारी के बच्चों के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी हेतु टीक्यूटी-2026 के लिए पंजीकरण शुल्क 150 रुपये है। गैर-बीएसपी छात्रों के लिए यह शुल्क 350 रुपये है।

अवैध ठेले व गुमटियों पर निगम आयुक्त ने दिये सख्त निर्देश

- आयुक्त ने शहर के प्रमुख मार्गों का किया निरीक्षण

- राजेन्द्र पार्क चौक व बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल का किया निरीक्षण, कार्य शीघ्र पूर्ण करने दिये निर्देश

दुर्ग। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शुक्रवार को सुबह कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा सहित निगम अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का विजिट किया और मौके पर आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त ने राजेंद्र पार्क चौक सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र और व्यवस्थित रूप से पूर्ण करने कहा। बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पर चल रहे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। राजेंद्र पार्क क्षेत्र से अवैध ठेलों को हटाने और चर्च रोड पर गुमटी संचालकों द्वारा दुकानों को आगे तक बढ़ाकर अतिक्रमण करने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई। अतिक्रमण तत्काल हटाने के आदेश दिए गए।

निगम आयुक्त ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को ध्यान में रखते हुए पं. रविशंकर स्टेडियम मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को मार्ग की समुचित सफाई के साथ व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि शहर की सुंदरता, यातायात व्यवस्था और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मुखबिरी करने के शक में मारा चाकू, दो गिरफ्तार

दुर्ग / नवप्रदेश। । पुलिस के लिए मुखबिरी करने के शक में दो आरोपियों ने युवक पर धारदार चाकू से वार कर दिया। घायल को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। यहां से इलाज के लिए उसे मेकाहारा अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया। मोहन नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों सागर शर्मा और विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

पीएम आशा योजना अंतर्गत दलहन-तिलहन फसल का उपार्जन शुरू

दुर्ग / नवप्रदेश। जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के तहत दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी शुरू हो गई है। जिले में 7 उपार्जन केन्द्र अधिसूचित किये गए हैं। सेवा सहकारी समिति चंदखुरी विकासखण्ड दुर्ग, सेवा सहकारी समिति पाटन विकासखण्ड पाटन और विकासखण्ड धमधा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धमधा, सेवा सहकारी समिति अहिवारा, सेवा सहकारी समिति लिटिया, सेवा सहकारी समिति कन्हारपुरी व सेवा सहकारी समिति घोठ अधिसूचित है। उप संचालक कृषि ने बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार खरीफदलहन-तिलहन फसल (सोयाबीन, मूंगफली, उड़द, मूंग) की खरीदी का कार्य 24 अप्रैल 2026 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य में किया जाएगा।

डामरीकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : महापौर अलका

12 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य का महापौर अलका बाघमार ने किया निरीक्षण

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने पीडब्लूडी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद ललित ढीमर के साथ वार्ड 56 में राजपूत किराना स्टोर्स से लेकर देवांगन के घर तक सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। करीब 7 सौ मीटर लंबी सड़क पर डामरीकरण व बीटी रिपेयर कार्य में लापरवाही न करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की विस्तार से जानकारी ली।

महापौर ने सड़क की फिनिशिंग, डामरीकरण की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग व दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अच्छी और मजबूत सड़कें नागरिकों की सुगमता एवं सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक हैं। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क की ढलान, जॉइंटिंग, बेस क्वालिटी सहित जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण किया

वार्ड 1 में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेने महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद ललित ढीमर के साथ निरीक्षण किया। महापौर ने पेवर ब्लॉक कार्य की फिनिशिंग का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कई स्थानों पर ब्लॉकों की बिछावट पर गलतियां निकालते हुए अनियमित सतह और किनारों पर ढलाई की कमी को चिन्हित किया।

आयुक्त को सौंपा कर्मचारी हितों से संबंधित मांगों का ज्ञापन

नगर निगम कर्मचारियों ने नियमितीकरण व पेंशन सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

दुर्ग / नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग के कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर आज रैली निकालकर प्रदर्शन किया। रैली समापन के बाद आयुक्त को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। रैली व गेट मीटिंग में सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर आंदोलन के प्रथम चरण में विरोध प्रदर्शन किया। स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा और महामंत्री अनिल सिंह के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से शासन से मांग करते हुए कहा कि घोषणा के अनुरूप अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए। ठेका प्रथा को समाप्त कर प्लेसमेंट व अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।

मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को प्रति व्यक्ति 105 रुपये की दर से चुंगी क्षतिपूर्ति राशि देने, कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान करने की मांग की गई। इसके अलावा अन्य विभागों की तरह ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र लागू करने, छठवें व सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि के भुगतान के लिए स्वीकृति देने, सभी कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक के इलाज हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग रखी गई।

संघ ने नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए नवीन सेटअप स्वीकृत कर पदोन्नति का लाभ देने, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लाइनमैन, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट, सफाई दरोगा, सफाई कर्मी व प्लंबर कर्मचारियों के लिए पदोन्नति चैनल निर्धारित कर नए पद सृजित करने की मांग भी की गई। नगरीय निकाय कर्मचारियों पर लागू आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को निरस्त करने की मांग भी ज्ञापन में की गई।

कलेक्टर ने दिये तीन औद्योगिक इकाइयों को तत्काल बंद करने के आदेश

दुर्ग / नवप्रदेश।जिले में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने वाले औद्योगिक संस्थानों पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर अभिजित सिंह के निर्देश में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने जिले की विभिन्न इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। जांच में गंभीर अनियमितताएं और प्रदूषण पाए जाने पर क्षेत्रीय कार्यालय, भिलाई द्वारा संबंधित इकाइयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

ग्राम अकलोरडीह-जरवाय में संचालित मेसर्स आरडी एजेंसी (वेस्ट मटेरियल स्क्रीनिंग यूनिट) को भारी धूल और बिना अनुमति संचालन के कारण बंद करने का आदेश दिया गया है। ग्राम जरवाय स्थित मेसर्स पंकज अग्रवाल (स्लैग क्रशिंग यूनिट) और मेसर्स टेथिस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड पर भी नियमों के उल्लंघन के कारण कार्रवाई की गई है। कुम्हारी क्षेत्र अहिवारा रोड स्थित मेसर्स वैद्य फूड प्रोडक्ट्स में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण न होने के कारण उसे भी बंद करने के आदेश दिए गए हैं।पर्यावरण मंडल ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई विधिक प्रावधानों के अंतर्गत की गई है। जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1974 की धारा 33 'क' और वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 'क' के तहत संबंधित उद्योगों को अपनी गतिविधियां तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

न्यूज गैलरी

राजीव नगर में चलित थाना संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

राजनांदगांव / नव प्रदेश। आम जनता को सायबर ठगी से बचाव, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम तथा यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के दिशा-निर्देशन में, जिले में अपराधों की रोकथाम तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु लगातार चलित थाना कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इसी क्रम में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत राजीव नगर में चलित थाना लगाया गया। कार्यक्रम में 130 से अधिक वरिष्ठ नागरिक, वार्ड पार्षद, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। जनता से प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण किया गया तथा उपस्थित नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव, महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा कृषि महाविद्यालय सुरगी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव /नव प्रदेश। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिन सुश्री अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के निर्देशन में एवं श्री पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में कृषि महाविद्यालय सुरगी में यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग के अनिवार्यता, बिना लायसेंस वाहन चलाने के दुष्परिणाम, यातायात नियमों के उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्यवाही एवं सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन की हानि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हे यातायात नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने हेतु समझाईश दी गई। इस अवसर पर शिक्षकों सहित लगभग 200 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का लाभ लिया। कार्यक्रम में सउनि येनलाल चन्द्राकर एवं सुरेज चन्द्रवंशी द्वारा विषय सें संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में खुशी और उल्लास

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी और उल्लास है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 86934 पंजीकृत किसानों से 1080 करोड़ 33 लाख 37 हजार रूपए मूल्य का 4550539.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आगाज, राज्यपाल बोले :जंबूरी केवल एक शिविर ही नहीं बल्कि एकता, विविधता और साझा उद्देश्यों का उत्सव है

■ **भारत स्काउड गाईड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन, शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के.खंडेलवाल सहित अन्य अतिथि हुए शामिल**

बालोद / नव प्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि जंबूरी केवल एक शिविर ही नहीं बल्कि एकता, विविधता, भाईचारा और साझा उद्देश्यों का उत्सव है। राज्यपाल श्री डेका शुक्रवार को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में भारत स्काउटस एवं गाइड्स द्वारा आयोजित प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं अतिथियों द्वारा ग्राम दुधली में आज प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, भारत स्काउट्स गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ केके खण्डेलवाल, राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंदरजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयक्त श्री राकेश यादव सहित अन्य अतिथियों के अलावा राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर-रेंजर उपस्थित थे। इस प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न राज्यों से उपस्थित रोवर रेंजरों ने नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति से भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा बिखेरी। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं आसमान में गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा जंबूरी पत्रिका एवं नए बैज का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मेजबान छत्तीसगढ़ के रोवर रेंजरों के पारंपरिक एवं सुआ गीत तथा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सुमधुर एवं नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समूचा आयोजन हर्षोत्सव एवं गर्वोत्सव में तब्दील हो गया।

पहले साहेब ने कहा चूहे और कीड़े ने खाया धान , अब सुखत आया का मामला

जांच के बाद होगा खुलासा

■ **बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र प्रभारी निलंबित, डीएमओ को कारण बताओ नोटिस**

कवर्धा /नव प्रदेश।। कबीरधाम जिले में धान की कमी (शॉर्टेज) को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले जहां चूहों द्वारा धान खाए जाने की बात सामने आई थी, वहीं अब प्रशासनिक स्तर पर यह स्पष्ट किया गया है कि धान की कमी का मुख्य कारण सूखत (नमी कम होने से वजन में गिरावट) है, न कि चूहे या कीड़े।

बाजार चारभाठा धान संग्रहण केंद्र में शॉर्टेज का मामला संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। संग्रहण केंद्र प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जांच के लिए समिति गठित

पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच में यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सूखत को बताया गया मुख्य कारण

प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र में धान की कमी चूहों अथवा कीड़ों द्वारा खाए जाने से नहीं, बल्कि सूखत के कारण हुई है।

पिछले वर्षों की सूखत रिपोर्ट

सूखत के आंकड़ों पर नजर डालें तो–
2020-21: 3.9 प्रतिशत
2021-22: 3.67 प्रतिशत
2022-23 एवं 2023-24: संग्रहण नहीं हुआ
2024-25: 3.5 प्रतिशत
प्रशासन के अनुसार, वर्ष 2024-25 में पाई गई सूखत पिछले पांच वर्षों में सबसे कम है।
प्रदेश स्तर पर मचा घमासान
धान शॉर्टेज को लेकर यह मामला अब प्रदेश स्तर तक चर्चा का विषय बन चुका है। प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी कि जिम्मेदारी किसकी बनती है।
फिलहाल, पूरे मामले पर सबकी नजरें जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं।

कांग्रेस ने मनरेगा को लेकर बुलाई जन चौपाल बैठक

कवर्धा / नव प्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल जी के आदेशानुसार, लखनपुर -रवेली मंडल (कवर्धा ग्रामीण) में प्रभारी मनीष शर्मा की उपस्थिति में मनरेगा को लेकर जन चौपाल बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मनरेगा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मनीष शर्मा जी ने कहा कि मनरेगा महात्मा गांधी जी के नाम पर बनी योजना है, जो गरीबों को रोजगार देने, श्रम का सम्मान करने और गांवों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। आज भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने, उसका नाम बदलने और गांधी जी के विचारों को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है, जो किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। इसके पश्चात जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी जी ने मनरेगा से जुड़े इन्हीं मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मनरेगा कांग्रेस की ऐतिहासिक देन है, लेकिन आज भाजपा सरकार मजदूर विरोधी नीतियों के चलते गरीबों के रोजगार पर हमला कर रही है। इस जन चौपाल में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, क्षेत्र के किसान, मजदूर एवं युवा साथी उपस्थित रहे, जिन्होंने कांग्रेस के संघर्ष को समर्थन देने का संकल्प लिया। जहाँ प्रमुख रूप से उपस्थित मणिकांत त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम वर्मा अशोक चंद्रवंशी वाल्मीकि वर्मा चंद्रशेखर चंद्रवंशी हीरा रात्री मनोज चंद्रवंशी हेमलाल चंद्रवंशी सागर चंद्रवंशी जितेन चंद्रवंशी

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 11 से 15 जनवरी तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में

राजनांदगांव /नव प्रदेश। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में देश के 36 राज्यों एवं संस्थाओं की बास्केटबॉल (बालक-बालिका 17 वर्ष) टीमों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जाएगा।

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का 11 जनवरी को सुबह 10 बजे दिग्विजय स्टेडियम में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल श्री नीलू शर्मा, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति श्री खूबचंद पारख, पूर्व उपाध्यक्ष कृषि ऊपज मंडी समिति श्री कोमल सिंह राजपूत, सभापति शिक्षा समिति नगर पालिक निगम श्री आलोक श्रोती उपस्थित रहेंगे।

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का 15 जनवरी को सुबह 11 बजे दिग्विजय स्टेडियम में समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेशदत्त मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्री संतोष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्री रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिता में देश के आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, चण्डीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, उड़िसा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडू, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल, मेजबान छत्तीसगढ़ राज्यों के अलावा सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, सीबीएसई, सीआईएससीई, डीएवी, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, विद्याभारती के बास्केटबॉल 17 वर्ष में 429 बालक एवं बास्केटबॉल बालिका 17 वर्ष में 402 सहित कुल 1006 प्रतिभागी शामिल होंगे।

नगरीय निकाय में व्याप्त कर्मचारी समस्याओं को लेकर हुई बैठक

भिलाई/नवप्रदेश। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा नगरीय निकाय में व्याप्त कर्मचारी समस्याओं को लेकर 9 जनवरी को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सभी कर्मचारी एकजुट होकर गेट मीटिंग किया गया तथा संघ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे द्वारा मांग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही भिलाई स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती द्वारा सभी कर्मचारियों को शासन से की जा रही मांग की जानकारी दी गई। जिसमें शासन के घोषणा अनुसार अनियमित कर्मचारी को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त कर प्लेसमेंट/अस्थायी कर्मचारियों का नियमित करने तथा नगरीय निकाय को प्रति व्यक्ति 105 रूपये की दर से चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने, कर्मचारियो को वेतन भुगतान स्थाई व्यवस्था किये जाने, ओल्ड पेंशन योजना लागू किये जाने, छठवां/सातंवा वेतनमान की एरियर्स राशि भुगतान करने, कर्मचारियों को 5 लाख तक के ईलाज हेतु कैशलेस की सुविधा प्रदान करने, अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नवीन सेटअप स्वीकृत कर पदोन्नति का लाभ देने, डाटा एन्ट्री आपरेटर, लाईनमैन, वाहन चालक, पंप अटैंडेन्ट, सफाई दरोगा, सफाई कामगार एवं प्लंबर कर्मचारियों को पदोन्नति हेतु चैनल निर्धारण कर नवीन पद स्वीकृत किया जाने एवं आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को निरस्त किये जाने की मांग की गई है। सभी कर्मचारी अपनी मांग को लेकर अपर आयुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा गया एवं स्थानीय समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया है। आंदोलन के द्वितीय चरण में मुख्यालय में एकत्रित होकर 16 जनवरी को रैली के रूप में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। आज की गेट में प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे, उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव, कृष्णा देशमुख, निगम भिलाई के अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, महामंत्री रोहित बंजारे, वामनराव,शिव देशमुख, नम्रता ठाकुर उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष

रायपुर में 50 लाख...

06/26 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7, 112(2)बी.एन.एस., 66(सी) आई.टी.एक्ट का अपराध किया गया है पंजीबद्ध कर लिया गया है। रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा और सीनियर एसपी रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों में ये शामिल

रितेश गोविंदानी (32 साल) निवासी खम्हारडीह रायपुर। मोह. अख्तर (32 साल) मौदहापारा रायपुर। विक्रम राजकोरी (32 साल) डी.डी. नगर रायपुर। सागर पिंजानी (30 साल) पुरानी बस्ती रायपुर।

कोर्ट से लालू परिवार को...

की चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से पांच की मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ता अजाज अहमद ने कहा, ÷सीबीआई अदालत ने लालू प्रसाद यादव, मीसा भारती, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और हेमा यादव के खिलाफआईपीसी की धारा 420, 120बी और 13 के तहत आरोप तय किए हैं। आरोप 29 जनवरी को तय किए जाएंगे।'

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया है। इससे पहले 19 दिसंबर को हुई सुनवाई में विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा था कि आरोप तय करने से जुड़े आदेश 9 जनवरी को सुबह 10:30 बजे सुनाए जाएंगे। इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत में एक सत्यापन रिपोर्ट दाखिल कर बताया था कि चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से पांच की मौत हो चुकी है।

ममता ने ईडी के खिलाफ...

मोइत्रा, शताब्दी रॉय, साकेत गोखले, कीर्ति आजाद, प्रतिमा मंडल, बापी हलदर और डॉ. शर्मिला सरकार शामिल हैं।इन सांसदों ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। प्रदर्शन के दौरान सांसद अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर 'अमित शाह की ईडी बनाम बंगाल की जनता' और 'चाहे जितने हमले करो, बंगाल फिर जीतेगा' जैसे नारे लिखे थे।

ईडी को राजनीतिक विरोधियों पर हमले का हथियार

लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया कि ईडी को राजनीतिक विरोधियों पर हमले के हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और एजेंसी उनके दस्तावेज तथा चुनावी रणनीति लूट रही है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि ईडी आई-पैक कार्यालयों की तलाशी के बहाने तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति और डेटा चुरा रही है। छापेमारी के दौरान सुश्री बनर्जी खुद वहां पहुंची थीं और उन्होंने दावा किया कि वह उनकी पार्टी के दस्तावेज जब्त कर रहे थे जिन्हें उन्होंने वापस ले लिया है।

दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों का...

नक्सली शामिल हैं। सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों में कालाहांडी एरिया कमेटी सचिव, पश्चिव बस्तर डिवीजन डीवीसीएम, एसीएम जैसे बड़े कैडर्स के नक्सली शामिल हैं। ये सारे नक्सली पिछले कई सालों से माओवाद संगठन के साथ जुड़कड काम कर रहे थे। अब हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और सरेंडर कर दिए हैं। दंतेवाड़ा के स्क्क गौरव राय ने कहा कि, सरकार की पुनर्वास नीति के तहत इन सभी नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा और मुख्य धारा में लौट आए हैं। नक्सल संगठन में पिछले कई सालों तक ये सक्रिय रहे हैं। एंबुश लगाना, रेकी करना, जवानों पर हमला जैसी कई वारदातों में ये शामिल रहे हैं।

प्रमुख नक्सली नेताओं का आत्मसमर्पण

आत्मसमर्पण करने वालों में पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन कड़ती भी शामिल है, जिसने अपनी पत्नी के साथ आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों पर कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था, जो उनकी नक्सली गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस बड़े पैमाने पर हुए आत्मसमर्पण से नक्सलियों के संगठन को बड़ा झटका लगा है।

माओवाद के अंत से लिखा जाएगा बस्तर का स्वर्णिम कल: साय

आज बस्तर के दंतेवाड़ा में पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के अंतर्गत 36 ईनामी सहित कुल 63 माओवादियों, जिसमें 18 महिलाएँ और 45 पुरुष शामिल हैं, इन्होंने हिंसा और भटकाव का मार्ग छोड़कर विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह केवल आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि विश्वास, परिवर्तन और नए जीवन की ओर सार्थक कदम है। यह सफलता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की स्पष्ट, बहुआयामी सुरक्षा एवं विकास रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है।

आज किसके सिर सजेगा ताज फ्लड लाइट फूडबॉल में होगा खिताबी महासंग्राम

■ **सेमीफाइनल में माहौल रहा गर्म**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। संस्कारधानी नगरी के स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड में खेली जा रही वासुदेव इंफ्रा राजनांदगांव फ्लड लाइट फुटबॉल लीग प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद अब शहर की निगाहें फाइनल पर टिकी हुई हैं। आज शनिवार 10 जनवरी को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शाम 06 बजे से खेला जाएगा, जिसका यूट्यूब पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा।

फाइनल से पहले गर्ल्स फुटबॉल और सद्भावना मुकाबले– फाइनल मैच से पूर्व खेल प्रेमियों को विशेष आकर्षण देखने मिलेगा। शनिवार को फाइनल मुकाबले से पहले गर्ल्स फुटबॉल का सद्भावना मैच खेला जाएगा, वहीं एक अन्य सद्भावना मैच आयोजक एवं फ्रेंचाइजी टीमों के बीच आयोजित किया गया है, जिससे आयोजन का रोमांच और भी बढ़ेगा।

फाइनल में गणमान्य अतिथियों की होंगी उपस्थिति– फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा होंगे। दोनों अतिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन– गुरुवार को प्रतियोगिता के दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार भी स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ÷हॉकी झांकी के बाद अब शहर में फुटबॉल का जोर देखने को मिल रहा है। फ्लड लाइट में हो रहा यह आयोजन शहर की खेल संस्कृति को नई पहचान दे रहा है। आयोजक काका फुटबॉल क्लब बधाई का पात्र है।÷

आकर्षक पुरस्कारों ने बढ़ाया मुकाबले का स्तर– प्रथम पुरस्कार ङ्क ?71,000 नकद एवं ट्रॉफी। द्वितीय पुरस्कार ङ्क ?41,000 नकद एवं ट्रॉफी, इसके साथ ही गोल्डन बूट, मैन ऑफद सीरीज, बेस्ट स्ट्राइकर, बेस्ट डिफेंस, बेस्ट गोलकीपर सहित अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक वासुदेव इंफ्रा हैं। सहयोगी प्रायोजकों में सुमित बाजार, मंथन बिल्डर्स, शक्ति स्पोर्ट्स, अग्रवाल फ्यूल्स, श्री ट्रेडर्स, अपना मार्ट, हरि ओम ऑटो, इज्जी हार्डवेयर, बागड़ी ब्रदर्स सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

जम्बूरी में जिले से 163 सदस्य की सहभागिता

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में 9 से 13 जनवरी तक ग्राम दुधली, जिला बालोद में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में महासमुंद जिले से कुल 163 सदस्य शामिल होंगे, जिनमें 77 रोवर्स, 68 रेंजर्स एवं 18 प्रभारी लीडर्स शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रशिक्षण केंद्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्ष द्वय जय पवार एवं सुधा साहू, जिला सलाहकार दाऊलाल चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मालूम हो कि जम्बूरी के दौरान रोवर-रेंजर साहसिक गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामूहिक व व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस आयोजन में प्रतिभागी न केवल जिले और राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, बल्कि देश-विदेश से आए रोवर-रेंजर्स के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय जम्बूरी में जिला स्तर पर समन्वय के लिए लता वैष्णव (जिला प्रभारी-रेंजर विंग), झनेश साहू, तथा सहायक प्रभारी के रूप में अजय कुमार तांडी, बेदराम रात्रे, महेश्वरी लाउतरे, विजय कुमार सिन्हा, यशवंत कुमार चौधरी, चक्रधर प्रसाद डड़सेना, पुष्पांजलि चौधरी, विलास बाघ, टेकलाल पटेल, ईश्वरी पोर्रे, बागेश्वरी धृतलहरे एवं रोहित शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बने कैलाश शर्मा

■ **संगठन एवं क्षेत्र में हर्ष, उत्साह और गौरव का माहौल**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश मंत्री,जिला भाजपा मंत्री व प्रवक्ता ऊर्जावान युवा नेतृत्वकर्ता कैलाश शर्मा जी को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर संगठन सहित समूचे क्षेत्र में हर्ष, उत्साह और गर्व का वातावरण व्याप्त है।

यह महत्वपूर्ण नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह , सांसद संतोष पाण्डेय, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर जी, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, रमेश पटेल सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की सहमति, विश्वास एवं मार्गदर्शन से संपन्न हुआ है। यह नियुक्ति संगठन के प्रति कैलाश शर्मा की अटूट निष्ठा, अनुशासित कार्यशैली, वैचारिक प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमता का सशक्त प्रमाण है। अपने लंबे राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव के दौरान उन्होंने सदैव पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का कार्य पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ किया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए कैलाश शर्मा ने युवाओं को संगठन से जोड़ने, जनहित के मुद्दों को मुखर रूप से उठाने तथा जन-जन तक भाजपा की सोच पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। किसान और युवा वर्ग के प्रति उनकी संवेदनशीलता तथा निरंतर सक्रियता उन्हें इस दायित्व के लिए और अधिक सक्षम बनाती है।

प्रदेश प्रवक्ता के रूप में कैलाश शर्मा की भूमिका किसानों की समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को प्रभावी ढंग से सरकार और संगठन के समक्ष रखने, साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान-हितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस अवसर पर भाजपा संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने कैलाश शर्मा को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके कुशल नेतृत्व में किसान मोर्चा प्रदेश में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा।

सौंदर्यीकरण के लिए पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज पालिका के सभापतियों एवं पार्षदों के साथ स्थानीय लोहिया चौक में सौंदर्यीकरण एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया।

अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि हमारा एक ही ध्येय वाक्य है और वह है नगर का विकास। नगर विकास के लिए हम हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान में समस्त वार्डों में एक एक कर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से ही यह कार्य संभव हो पा रहा है। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक ख़ान, शुभ्रा मनीष शर्मा, नीरज चंद्राकर, भाऊ राम साहू, राहुल आवड़े, भारती राजेंद्र चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानीआदि उपस्थित रहे।

चिकन खिलाने से मना किया प्रधान पाठक को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। मुर्गा खिलाने से मना करने पर एक व्यक्ति ने स्कूल में घुसकर प्रधान पाठक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बसना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। घटना ग्राम धुमाभांठा की है। प्राथमिक शाला धुमाभांठा के प्रधान पाठक नीरज कुमार दास ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को लगभग 12 बजे वह परीक्षा ड्यूटी के दौरान स्कूल के बरामदे में था। उसी समय गांव का अशोक भैना आया और विद्यालय में पार्टी करने मांस मुर्गा खिलाने कहा, जब उसने मना किया, तो गाली गलौज करते हुए गिरेबान पकड़कर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 121, 221, 132, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कुर्सी चोरी का आरोप युवक को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को लाखागढ़ निवासी कुनु वासुदेव ने बताया कि 2 जनवरी को घर के सामने रहने वाला लल्ला खान उसे घूमने की बात कहकर पिथौरा कॉलेज के पीछे ले गया और हमारे घर की कुर्सी चोरी करके ले गये हो कहकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बाद फोन कर दोस्तों को बुलाया। इस दौरान लल्ला खान मारपीट करने लगा। जब उसके दोस्त आये, तो उन्होंने भी गाली-गलौज कर मारपीट की, जिनमें से एक ने सिगरेट से हाथ और पेट को जला दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

आर्थिक सहायता: 16 लाख अनुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 4 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छिलपावन के मृतक देवनारायण पटेल की पत्नी श्रीमती चंद्रिका पटेल के लिए एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरनादादर के मृतक तामरस खुटे की पत्नी किरण खुटे के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

धूल, डस्ट और धोखा: भिनोदा-गगोरी मार्ग पर जनता त्रस्त, सिस्टम मस्त!

गोपी अजय

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। भिनोदा-गगोरी मुख्य मार्ग अब केवल बदहाल सड़क नहीं रह गया है, बल्कि यह शासन-प्रशासन की लापरवाही का ऐसा खुला दस्तावेज बन चुका है, जो हर दिन आम नागरिकों की सेहत, पर्यावरण और जीवन पर सीधा वार कर रहा है। यह वही मार्ग है जिस पर बरसात में गड्ढों और जलभराव से लोग जूझते रहे और अब बरसात खत्म होते ही यही सड़क धूल का ऐसा ज़हर उगल रही है, जो सांस के साथ शरीर में उतर रहा है। हर गुजरता वाहन धूल का गुबार छोड़ता है, मानो यह रास्ता नहीं बल्कि बीमारी फैलाने की फैक्ट्री बन चुका हो।

सबसे भयावह सच्चाई यह है कि सड़क मरम्मत के नाम पर शासन के नियमों को ताक पर रखकर जो किया जा रहा है, वह सुधार नहीं बल्कि सुनियोजित अपराध जैसा प्रतीत होता है। पैच ड्डरूरू और पैच ब्क्क्ष रिपेयरिंग के लिए तय तकनीकी मानकों, सामग्री और प्रक्रिया को दरकिनार कर ठेकेदार काम किये हैं। यही रोड मे डाले डब्लू एम एम की डस्ट कुछ ही समय में उड़कर पूरे इलाके को धुंध में बदल देती है। यह न तो मरम्मत है और न ही विकास, बल्कि सरकारी धन से जनता के खिलाफकिया गया सीधा धोखा है। इस जहरीली धूल का सबसे बड़ा शिकार बुजुर्ग, बच्चे और पहले से बीमार लोग बन रहे हैं। सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी, आंखों में जलन और अस्थमा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा अब केवल आशंका नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की हकीकत बन चुका है। सड़क किनारे बसे घर , राशन दुकानें और छोटे व्यवसाय धूल में डूबे रहते हैं, जहां खाद्य सामग्री दूषित होकर लोगों के शरीर में जहर की तरह पहुंच रही है। यह स्थिति किसी महामारी की तैयारी जैसी प्रतीत होती है, जिसे शासन की चुप्पी और भी खतरनाक बना रही है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि लोग प्रशासन से नहीं, बल्कि अपनी जेब और अपनी मजबूरी से समाधान ढूंढ रहे हैं। धूल दबाने के लिए सड़कों पर पीने योग्य पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे रोज़ हजारों लीटर स्वच्छ जल व्यर्थ बहाया जा रहा है। एक तरफ पानी की किल्लत की बातें होती हैं और दूसरी तरफ यह सड़क जल बर्बादी, जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण का खुला मंच बन चुकी है। यह केवल सड़क का मुद्दा नहीं, बल्कि पर्यावरण विनाश की खुली कहानी है।

यह सवाल अब अनदेखा नहीं किया जा सकता कि क्या शासन किसी बड़ी बीमारी, किसी जनहानि या किसी आंदोलन का इंतजार कर रहा है। यदि अब भी इस मार्ग की नियमविरुद्ध मरम्मत, ठेकेदारों की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता पर रोक नहीं लगी, तो यह सड़क आने वाले समय में सरकार की सबसे बड़ी विफ्लताओं में गिनी जाएगी। क्षेत्र की जनता स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और इस ज़हरीले खेल पर तत्काल रोक की मांग कर रही है। अब यह देखना होगा कि शासन समय रहते जागता है या फ्रि यह धूल किसी दिन पूरे सिस्टम की आंखों में जाकर उसे खोलने पर मजबूर करेगी।

ऑटो रिक्शा और कार से 41.86 लाख का गांजा बरामद

सिंघोड़ा व बसना थाना क्षेत्र में तस्करी का मामला

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा व बसना पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में 41.86 लाख रुपए कीमत का गांजा जब्त किया है। मामले में दो को गिरफ्तार किया है, जबकि एक मौके से फ्रार हो गया।

जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से ऑटो में भरकर गांजा छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान ऑटो क्रमांक सीजी 07 बी आर 6305 को रोककर तलाशी ली। आटो में दो व्यक्ति सवार थे जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम-पता जादोपुर मंसूरीटोला, थाना जादोपुर, जिला गोपालगंज बिहार निवासी गोविंद राम, (32) एवं गयासुद्दीन आलम (36) बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आटो से 60 किलो गांजा (अनुमानित कीमत 30 लाख रुपए) बरामद किया। आरोपियों को धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

वाहन छोड़कर भागा तस्कर

दूसरे मामले में बसना पुलिस ने गढ़पटनी रोड तिराहा के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक लक्जरी कार एमएच 24 ए बी 1947 को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख चालक घबरा गया और वाहन मोड़कर भागने लगा। पीछा करने पर आरोपी ने सिटी ग्राउंड के गेट में वाहन टकराकर, चालू हालत में छोड़कर फ्रार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर 23.30 किलो गांजा (कीमत 11 लाख 86 हजार 500 रुपए) मिला। पुलिस ने गांजा व वाहन जब्त कर लिया है। फ्रार आरोपी के खिलाफधारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 281 व 184 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

छग रजत जयंती पर सोसायटियों में मनाया गया चावल उत्सव

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के अंतर्गत गरियाबंद के बिंद्रानवागढ़ सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया समिति सहित विभिन्न सहकारी समितियों में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया।

चावल उत्सव के दौरान हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में चावल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सुरेन्द्र सोनटेके, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, विष्णु मरकाम एवं जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, रितु मौर्य सहित समिति के सेल्समैन रमेश निर्मलकर, संतोष कंसारी और बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष में राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर किए गए प्रयासों को रेखांकित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। चावल उत्सव के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहे। हितग्राहियों ने चावल उत्सव की गई सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न मिल रहा है, जिससे आर्थिक राहत भी मिल रही है। आयोजन को सफ्ल बनाने में खाद्य विभाग, सहकारी समितियों और स्थानीय प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर उईके ने किया धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण

■ **वजन में भिन्नता पर दो केंद्रों को नोटिस जारी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में धान खरीदी कार्य व्यापक स्तर पर निरंतर जारी है। किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में धान की आवक को देखते हुए कलेक्टर बी.एस. उईके ने जिले के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गरियाबंद जिला अंतर्गत सोहागपुर एवं बारूला स्थित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उईके ने केंद्रों में स्टैकिंग व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही बारदाना की उपलब्ध संख्या, स्टैकिंग में रखी बोरियों की संख्या का भौतिक सत्यापन कराया। उन्होंने धान खरीदी की कुल मात्रा, विक्रय हेतु शेष किसानों की संख्या तथा अब तक किए गए कुल धान उठाव की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की।

कलेक्टर द्वारा धान की प्रत्येक बोरी का प्रत्यक्ष वजन कराया गया, जिसमें वजन में भिन्नता पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस पर धान खरीदी केंद्र सोहागपुर एवं बारूला के संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि माह के अंतिम तिथि तक धान खरीदी की संभावना को देखते हुए ऑनलाइन टोकन वितरण व्यवस्था बंद कर दी गई है। किसानों को 23 तारीख तक टोकन का वितरण किया जा चुका है। शेष बचे किसानों के लिए केंद्र नोडल अधिकारी द्वारा जांच एवं सत्यापन के पश्चात समितियों में जाकर टोकन जारी किए जाएंगे।

कलेक्टर श्री उईके ने केंद्रों में धान उठाव की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए अधिक से अधिक उठाव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्टैकिंग व्यवस्था को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए सत्यापन की दृष्टि से केंद्रों को सुव्यवस्थित करने तथा केंद्र परिसर में रखे धान की शीघ्र स्टैकिंग कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

भगवान श्रीराम का अपमान बर्दाश्त नहीं : अमर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कक्षा चौथी के प्रश्न पत्र में भगवान श्रीरामचंद्र के नाम का अपमानजनक उल्लेख होने को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र का प्रकाशन विभाग का दायित्व है। लेकिन, विभाग प्रिंटर की त्रुटि बताकर पल्ला झाड़ रहा है, जो सरासर निंदनीय है। उन्होंने करोड़ों हिंदुओं के आस्था को ठेस पहुंचाने वालों पर उचित जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

42 हजार की शराब के साथ 6 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 42 हजार रुपये मूल्य की देशी शराब जब्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पटेवा पुलिस ने ग्राम झलप झूमर तालाब के पास दबिश देकर चार लोगों के कब्जे से 384 नग रोमियो देशी प्लेन शराब (कीमत लगभग 30,720 रुपये) और एक आल्टो कार जब्त की। इस मामले में पुलिस ने ग्राम मेमरा निवासी नित्या सांडव (27), ग्राम परसापाली निवासी शरद तिवारी (20), ग्राम राजासेवैया कमलेश कुमार डड़सेना (35) और ग्राम मेमरा निवासी मिनकेतन नाग (26) को गिरफ्तार किया। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में पटेवा पुलिस ने पटेल मुर्गा फर्म, गोंगल मार्ग के पास दो लोगों को अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपियों से 50 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब (कीमत करीब 12 हजार रुपये) और एक बाइक जब्त किया। मामले में पुलिस ने ग्राम छिंदौली लोकेश जोगी (34) और हेमलाल जोगी (27) को गिरफ्तार किया है।

गड़बड़ी

ट्रैक में जगह-जगह दरारें, मैदान मेंटेनेंस के अभाव में छोटी-छोटी झाड़ियां

सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक सुपुर्द करने से पहले गुणवत्ताहीन की खुली पोल

महसमुंद/नवप्रदेश। एथलीटों को सालभर बेहतर अभ्यास सुविधा, जोड़ों पर कम दबाव और हर मौसम में दौड़ने के लिए खेलो इंडिया योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर स्थानीय वन विभाग के परिसर में बनाया गया सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक हैंडओवर से पहले ही बदहाली की तस्वीर पेश करने लगा है। करीब 7.60 करोड़ रुपये की लागत से बना यह ट्रैक आज क्रैक, झाड़ियों और अव्यवस्था का शिकार है। स्थिति यह है कि जिस ट्रैक पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी पसीना बहाने वाले थे, वहां सुबह योगा, टहलना और गैर-खेल गतिविधियां आम हो गई है। वहीं अब शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है।

बता दें कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो इंडिया मद से 6.60 करोड़ और जिला खनिज न्यास मद से 1 करोड़ रुपये स्वीकृत कर यह परियोजना वन विभाग के खेल परिसर में बनाई जानी थी। कार्य एजेंसी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संभाग महासमुंद को बनाया गया, जिसने वर्ष 2022 में मेसर्स आकृति कंस्ट्रक्शन, रायपुर को ठेका दिया। सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण जनवरी 2023 में कार्य शुरू हुआ और 9 माह में पूर्ण होना था। लेकिन जनवरी 2026 (27 माह बाद) भी न कार्य पूरा हुआ न किसी विभाग को रखरखाव के लिए हैंडओवर किया। आज हालात यह है कि ट्रैक में कई जगह दरारें (क्रैक) दिखाई दे रही हैं, मैदान में छोटी-छोटी झाड़ियां उग आई हैं, बिना हैंडओवर के खेल आयोजन हो रहे हैं।

एथलीटों और नागरिकों का फूटा गुस्सा

स्थानीय नागरिकों और खिलाड़ियों का आरोप है कि यह गुणवत्ताविहीन निर्माण का नतीजा है। ट्रैक पर फ्रिजूल गतिविधियां तत्काल बंद की जाए अन्यथा यह सुविधा पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। खिलाड़ियों का कहना है कि जब तक उपयोग की स्पष्ट नीति, रखरखाव की जिम्मेदारी और सुरक्षा व्यवस्था तय नहीं होती, तब तक सवाल यही रहेगा कि क्या करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया गया यह सिंथेटिक ट्रैक एथलीटों के लिए है या प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ने के लिए?

तीन विभाग, जिम्मेदारी शून्य

सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक पर सुबह और शाम ट्रैक पर क्रिकेट, योगा, वॉकिंग जैसी गतिविधियों से ट्रैक को नुकसान पहुंच रहा है। जिससे शासन के करोड़ों रुपये से बना यह सिंथेटिक ट्रैक अपने मूल उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है।

> स्वीकृत राशि समय पर न आने के कारण हैंडओवर नहीं हो सका। अब लगभग 1 करोड़ रुपये की शेष राशि आ गई है, कमियां दूर कर जल्द हैंडओवर किया जाएगा।
>
> **नरेंद्र चंद्राकर,** कार्यपालन अभियंता, छग गृह निर्माण मंडल

ऑल इंडिया एथलेटिक्स स्पर्धा में पं. रविवि की पुरुष टीम बैंगलौर रवाना

धरसींवा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो राजीव गांधी हेल्थ साइंस विश्वविद्यालय बैंगलौर (कर्नाटक) में 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 को आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम आज रवाना हुई। टीम खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षा विभाग की संचालक प्रोफेसर डॉ. रीता वेणुगोपाल मैडम ,खेल निर्देशक प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी सर ने शुभकामनाएं दी। पुरुष टीम में मनोज कुमार शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, तोषिक कातुरे शासकीय सुखराम नागे नगरी (धमतरी) पारस तारक शासकीय महाविद्यालय महासमुंद व टीम मैनेजर, श्री राकेश कुमार पाल क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय धरसीवा एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी गण व स्टाफके सदस्यों द्वारा अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी !

न्यूज गैलरी

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। अटल आवास में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक अंशुमान व्यासजी महाराज ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है इसी बीच कृष्ण जन्मोत्सव का झूम कर श्रोताओं ने आनंद लिया ।

छत्तीसगढ़ डडसेना कलार समाज की बैठक कल रविवार को

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ डडसेना कलार समाज तहसील परिषद भाटापारा की बैठक ग्राम दतरेंगी में कल रविवार 11 जनवरी को होगी।प्रातः11 बजे से होने वाली कार्यकारिणी की बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा होंगे,वही अध्यक्षता भुवन लाल जयसवाल जिला अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि के रूप में राजा जयसवाल जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य सामाजिक जन प्रतिनिधिगण शामिल होंगे। उक्त जानकारी समाज के सचिव तामेश्वर जयसवाल ने दी।

चावल उत्सव का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम बगरुमनाला स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में रजत जयंती चावल उत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को रजत जयंती चावल वितरण की जानकारी दी गई तथा योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। आयोजन में ग्रामीणजन, हितग्राही एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की सराहना करते हुए इसे आम जनता के लिए लाभकारी बताया। उत्सव का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

रविवार को आधा दर्जन से ज्यादा लोकल ट्रेन कैंसल

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन के बीच किमी 785/23-25 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 394 के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए बॉक्स पुशिंग की सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों को डी-लॉन्चिग कार्य के लिए कल 11 जनवरी को ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा ।

इस कार्य के फलस्वरूप आधा दर्जन से ज्यादा लोकल गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।जिसमें 11 जनवरी रविवार को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर ,गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर ,गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर , गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर , गाडी संख्या 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी । वही 12 जनवरी को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर तथा गाडी संख्या 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । वही 11 जनवरी को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी और यही से वापस होगी।

एक शिक्षक के भरोसे चल रही प्राथमिक शाला बरोली

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत कटिगांव अंतर्गत प्राथमिक शाला बरोली में एक सहायक शिक्षक विगत तीन माह से अधिक समय से विद्यालय में अनुपस्थित है। शिक्षक की लगातार अनुपस्थिति के कारण विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक संतोष कुमार नाग ने बताया कि संबंधित सहायक शिक्षक से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया, जिस पर उनके द्वारा मौखिक रूप से तबीयत खराब होने की जानकारी दी जाती है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की लिखित सूचना या आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में संकुल समन्वयक को भी अवगत कराते हुए उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की सूचना दी गई है।

भौतिक सत्यापन में 2372 क्विंटल कम मिला धान,मिलर्स के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले में धान खरीदी कार्य पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। समितियों एवं उपार्जन केंद्रों में अवैध धान न खपा पाए इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी राइस मिलो का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कविता रईस मिल में 2327.64 क्विंटल धान कम पाए जाने पर मिल संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। हथबंध स्थित कविता राइस इंडस्ट्रीज का भौतिक सत्यापन के दौरान 2372.64 क्विंटल धान कम पाए जाने पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के तहत 5403.6 क्विंटल धान व 3362.5 क्विंटल चावल जब्त कर मेसर्स कविता राइस इंडस्ट्रीज के संचालक अंशुल जोतवानी के विरुद्ध पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शितापूर्ण धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा अवैध रूप से धान बिक्री करने वालों पर अंकुश लगाने सम्बंधितो पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। समिति एवं उपार्जन केंद्रों के साथ ही राईस मिल एवं थोक विक्रेताओ का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

विजय शर्मा ने संत समागम मेले की तैयारी की समीक्षा की

भाटापारा/नवप्रदेश। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा मे 23 जनवरी से शुरू हो रहे संत समागम समारोह (माघ मेला) की तैयारी हेतु उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहब की अध्यक्षता में शुक्रवार को सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशावली प्रतिनिधि सभा प्रांगण में बैठक सम्पन्न हुआ। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने संत समागम समारोह की भव्यता को दृष्टिगात रखते हुए सुविधा, व्यवस्था एवं सुरक्षा की चाक -चौबंद इंतजाम हेतु अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहब ने बताया कि 23 जनवरी 2026 से माघ पूर्णिमा 1 फरवरी 2026 तक मेला संपन्न होगा। इस वर्ष समारोह में 23 जनवरी2026 को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समरोह भी होगा जिससे अन्य प्रान्त एवं बिदेशों से भी अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में प्रतिवर्ष जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है इस वर्ष भी सहयोग मिलेगा और सफल आयोजन सम्पन्न होगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस बार का आयोजन विशाल होगा जिससे अधिक मानव संसाधन एवं व्यवस्थाओं की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें और समय पर सभी कार्य पूर्ण करें। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो ताकी बाहर से आने वाले श्रद्धालु यहां से मधुर स्मृति साथ लेकर जाएं। श्री शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा अब तक की गई तैयारियो से संतुष्टि जाहिर करते हुए किसी प्रकार की कमी की कोई गुंजाईश न रखने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी अपने सुझाव साझा किये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अतुल शेट्टे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

नशे के विरुद्ध नवापारा पुलिस सख्त: हेरोइन के बाद बड़ी मात्रा में नशीली टेबलेट जब्त

तीन आरोपी गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन निश्चय÷ अभियान के तहत गोबरा नवापारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तर्री श्मशान घाट के पास पुलिस ने चार पहिया वाहन में सवार तीन आरोपियों को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 710 नग नशीली टेबलेट, नगदी रकम तथा कार को जप्त कर लिया गया है।

दरअसल, नवापारा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि तर्री शमशान घाट के पास कुछ लोग चारपहिया वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट लेकर बिक्री की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर नवापारा पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान चिन्हांकित वाहन को रोका गया, जिसमें तीन व्यक्ति सवार पाए गए। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आशीष निर्मलकर, अरमान अहमद एवं किशोर यादव उर्फ पप्पू बताए।

इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने आशीष निर्मलकर (36 वर्ष) निवासी कोष्टापारा धमतरी, अरमान अहमद (19 वर्ष) निवासी जोहारपारा बालोद और किशोर यादव उर्फ पप्पू (21 वर्ष) निवासी धोबनीपारा कुरूद, धमतरी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल, एसआई सुनील कश्यप, एएसआई राजेंद्र साहू, प्रधान आरक्षक कोमल वर्मा, रंजीत साहू, आरक्षक कसान रजा एवं सुदीप मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

710 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 710 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट निट्राजेपम बरामद की गई। पुलिस द्वारा वैध दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करते रहे। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशीली टेबलेट कीमती लगभग 50 हजार रुपये, बिक्री की नगदी राशि तथा स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 08 डब्ल्यू 3107 को जप्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 21(बी) नारकोटिक एक्ट के अपराध पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मड़ई मेले के दौरान खूनी झड़प युवक के पेट-कूल्हे पर चाकू से वार

राजिम/नवप्रदेश। राजिम क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है, जहां मड़ई मेले के दौरान आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बदमाशों ने पहले युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की, इसके बाद एक आरोपी ने धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले फिंगेश्वर अस्पताल, फिर महासमुंद और बाद में रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम बोरसी का है।

मिली जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 2026 को ग्राम बोरसी में मड़ई मेले का आयोजन चल रहा था। ग्राम तामासिवनी निवासी गैन्द लाल साहू अपने साथी के साथ मेला देखने पहुंचा था। इसी दौरान ग्राम बोरसी निवासी कृष्णा साहू, भानू प्रकाश निषाद, दिनेश साहू एवं उनके अन्य साथियों ने गैन्द लाल साहू के साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि इसी दौरान कृष्णा साहू ने हत्या की नीयत से धारदार चाकू से गैन्द लाल साहू के पेट और कूल्हे के पास वार कर दिया, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को फिंगेश्वर अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे महासमुंद रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचन पर फिंगेश्वर थाना पुलिस ने आरोपी कृष्णा साहू, भानू प्रकाश निषाद, दिनेश साहू एवं अन्य के खिलाफधारा 109(1), 296 एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा-प्रीतम सिन्हा

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद प्रीतम सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है। जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सिन्हा ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था।वहीं अब इस नए अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। सिन्हा ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी। जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है।

ग्राम सिर्री में दो माह से अवैध मुरम खनन प्रशासन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

प्रशासन जानकार भी बन रहा है अनजान कोई कार्यवाही नहीं?

कुरूद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कुरूद के ग्राम सिर्री में पिछले दो महीनों से अवैध मुरम खनन का कार्य खुलेआम जारी है, लेकिन संबंधित विभागों की चुप्पी अब कई सवाल खड़े कर रही है। गांव के अलग-अलग हिस्सों में कभी सरकारी जमीन तो कभी खेत बनाने के नाम पर ग्रामीणों की निजी भूमि को पांच फीट से भी अधिक गहराई तक खोदा जा रहा है और निकाली गई मुरम को बेधड़क बाहर भेजा जा रहा है। यह पूरा कार्य खनिज विभाग की अनुमति और ट्रांजिट पास के बिना संचालित किया जा रहा है, जो सीधे-सीधे कानून का उल्लंघन है।

अवैध खनन के कारण गांव की आंतरिक सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं, धूल-धक्कड़ बढ़ रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। वहीं खेतों में की गई गहरी खुदाई से खेती योग्य भूमि नष्ट हो रही है, जिससे ग्रामीणों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले की जानकारी प्रशासन को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं अवैध खनन करने वालों को अप्रत्यक्ष संरक्षण तो नहीं दिया जा रहा। गांव में बढ़ते आक्रोश के बीच लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर प्रशासन की चुप्पी कब टूटेगी और कानून का राज कब स्थापित होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध मुरम खनन की तत्काल जांच कराई जाए, बिना अनुमति चल रहे खनन कार्य को तुरंत बंद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

अरुण साव पर टिप्पणी कार्यशैली पर थी, समाज पर नहीं: संजय साहू

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश। साहू समाज रायपुर संभाग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान परिक्षेत्र अध्यक्ष संजय साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव पर की गई टिप्पणी पूरी तरह व्यक्तिगत और राजनीतिक है, इसे साहू समाज के अपमान से जोड़ना गलत है।

संजय साहू ने स्पष्ट किया कि भूपेश बघेल ने बिलासपुर के लिंगियाडीह क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी में कहा था– ÷बेंदरा ल राजा बना दिस।÷ इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया था कि अरुण साव के प्रभार वाले नगरीय निकाय, पीडब्ल्यूडी और जल जीवन मिशन जैसे विभागों में काम ठप पड़ा है। बघेल ने अपनी बात समझाने के लिए एक रूपक कथा सुनाई थी। उन्होंने कहा था कि एक बार जंगल में तय हुआ कि इस बार राजा वही बनेगा जो सबसे ज्यादा सक्रिय होगा। सभी जानवरों ने मिलकर बंदर को राजा बना दिया। लेकिन जब एक बघवा हिरण के बच्चे को उठा ले गया, तो राजा बना बंदर उसे बचाने के बजाय एक पेड़ से दूसरे पेड़ कूदता रहा। पूछने पर उसने कहा– ÷बच्चा बचे या न बचे, लेकिन मेरे प्रयास में कमी नहीं होनी चाहिए। इसी उदाहरण के जरिए बघेल ने कहा था कि आज यही स्थिति अरुण साव की है। संजय साहू ने कहा कि यह पूरा बयान प्रशासनिक कार्यशैली और निर्णयहीनता पर व्यंग्य था। इसमें न किसी जाति का उल्लेख है और न समाज का। मैं वर्षों से समाज में सेवा कर रहा हूं और पूरे संदर्भ को देखकर इसे समाज का अपमान नहीं मानता उन्होंने कहा।

उन्होंने समाज और जनता से अपील की कि राजनीतिक व्यंग्य को सामाजिक अपमान का रूप न दिया जाए, क्योंकि इससे अनावश्यक विवाद पैदा होते हैं और असली मुद्दे–जवाबदेही, विकास और जनहित–पीछे छूट जाते हैं।

चंदन साहू छत्तीसगढ प्रदेश भाजपा मन की बात कार्यक्रम के सहप्रभारी बने

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जंबो टीम की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे, विजय शंकर मिश्रा, अमित चिमनानी प्रदेश प्रवक्त के द्वारा किया गया। इस घोषणा के साथ ही प्रदेशभर में संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी देखने को मिल रही हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के अनुशंसा पर राजिम क्षेत्र पूर्व जिला किसान मोर्चा महामंत्री, पूर्व राजिम मंडल महामंत्री चंदन साहू को मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सहप्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। चंदन साहू को संगठन में स्थान मिलने से राजिम क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में हर्ष और उल्लास का माहौल हैं। कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इसे क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव की बात बताया हैं। लोगों का कहना हैं कि एक जमीनी और संघर्षशील कार्यकर्ता को संगठन ने उचित स्थान मिलने से खुशी की लहर हैं।

शिव महापुराण — अंचल की छोटे छोटे बच्चे महिला पुरुष बड़ी संख्या मे ग्रामीणों जन शिव भगवान का रसपान ग्रहण करते हुए

कर्णेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण, पांचवें दिन उमड़ा जनसैलाब

नगरी/नवप्रदेश। देऊरपारा सिहावा स्थित पावन कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरी बापू के सान्निध्य में आयोजित 828वीं श्री शिव महापुराण कथा का पांचवां दिवस श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य से ओतप्रोत वातावरण में संपन्न हुआ।

कथा के दौरान गिरी बापू ने बिल्व वृक्ष और शिवलिंग पूजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर शिव पूजन करने, परिक्रमा करने तथा मिट्टी के शिवलिंग की पूजा से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। बापू ने कहा कि बिल्व वृक्ष के नीचे एक माला जप करने से करोड़ों पुण्य के समान फल मिलता है तथा वहां बैठकर राम-शिव स्मरण करने से समस्त तीर्थों के दर्शन का फल प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को नव कार्यों के शुभारंभ से पूर्व बिल्व पत्र से जलाभिषेक करने और शिवालय निर्माण में सहभागिता का संदेश दिया। बापू ने कहा कि शिवालय वह स्थान है जहां मन को एकाग्रता और शांति मिलती है तथा भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा वातावरण ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से गुंजायमान रहा। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालुओं ने प्रवचन को भावपूर्वक श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

जिसमे कथा के पावन प्रसंग सुनने क लिए बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे महिला पुरुष बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव वैदिक आचार्य नारायण प्रसाद पाठक वैदिक आचार्य हुपेश पाठक शिव भक्त मिथिलेश केसरवानी प्रेरणा संत मुकेश बाबा जी आयोजक समिति की समस्त क्षेत्रवासी सिहावा नगरी की बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करते दिखाई दे रहे हैं।

निरीक्षण न होने पर आंगनवाड़ी भगवान भरोसे, लापरवाही

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश। भटगांव परियोजना अंतर्गत सेक्टर गाताडीह, धोबनी, कोदवा, सरसींवा, भटगांव, गोपालपुर, सलौनीकला, पेंड्रावन के अंतर्गत कई दर्जन आंगनवाड़ी केंद्रों में विगत लगभग साल भर से परियोजना अधिकारी विजय प्रभात सरल के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण न करने से केंद्र भगवान भरोषे चलने को मजबूर है ज्ञात हो कि महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर के महिला पर्यवेक्षको को उनके सेक्टर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को महीने में कम से कम 25 दिन भ्रमण करना होता है वही परियोजना अधिकारी को अपने परियोजना अंतर्गत लगभग 10 दिन आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का विभाग के संचालक का निर्देश है परंतु उच्च अधिकारियों के निर्देशों को परियोजना अधिकारी ठेंगा दिखा रहे है समय पर अधिकारी के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण न करने पर शासन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के हितग्रहीयो को दिए जाने वाले विभिन्न तरह के लाभ सही और पूरा नही मिल पाता है वही इसका लाभ विभाग के पर्यवेक्षक व परियोजना अधिकारी उठाते है विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि परियोजना अधिकारी अपने मुख्यालय में निवास नही करते है तथा 50 किलोमीटर दूर अपने गांव से परियोजना कार्यालय हप्ते मे 3 से 4 बार बस 2-3 घण्टे के लिए ही आते है और घर चले जाते है इससे विभाग के अधिकारी की लापरवाही किस कदर हावी है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

> मैं अभी नया आया हूँ एक बार मीटिंग लिया हूँ, मैंने विभाग के अधिकारियों को अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओ का लाभ पहुँचाने हेतु निर्देशित किया है।
>
> **उत्तम प्रसाद,** जिला महिला बाल विकास अधिकारी, सारंगढ़-बिलाइगढ़

स्वर्णिम आभा: 'गोल्डन बॉय' नरेंद्र को विधायक अजय चंद्राकर का आशीर्वाद

बोले– कुरुद की माटी का मान अब दुनिया में बढ़ा है

कुरूद/नवप्रदेश। प्रतिभा, परिश्रम और सटीक मार्गदर्शन– जब ये तीनों एक साथ मिलते हैं, तब सफलता इतिहास रचती है। कुरुद की इसी स्वर्णिम गाथा के नायक बने अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन के स्वर्ण पदक विजेता नरेंद्र कुमार। नेपाल की धरती पर तिरंगा फहराकर लौटे 'गोल्डन बॉय' नरेंद्र का कुरुद निवास कार्यालय में लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने आत्मीय अभिनंदन किया। इस गौरवपूर्ण क्षण में उनके मुख्य प्रशिक्षक गोपाल साहू भी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय फलक पर कुरुद की गूंज

नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्राम परखंदा के नरेंद्र कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ जिले बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया। कुरुद निवास कार्यालय में हुई भेंट-मुलाकात के दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने खिलाड़ी की अनुशासनप्रिय मेहनत और प्रशिक्षक के कुशल मार्गदर्शन की मुक्तकंठ से सराहना की।

विधायक अजय चंद्राकर का संदेश

अभिनंदन के दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने कहा–

नेपाल की धरती पर कुरुद का नाम गूंजना हर क्षेत्रवासी के लिए गर्व का विषय है। नरेंद्र ने यह सिद्ध किया है कि ग्रामीण अंचलों में भी विश्वस्तरीय प्रतिभाएं जन्म लेती हैं। यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का दीप है।उन्होंने प्रशिक्षक गोपाल साहू की साधना और समर्पण को नमन करते हुए नरेंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कोच गोपाल साहू: प्रेरणा के शिल्पकार

विधायक जी ने विशेष रूप से कोच गोपाल साहू की भूमिका को रेखांकित किया–जिनके सानिध्य में नरेंद्र ने खेल की बारीकियां सीखकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर परचम लहराया। भेंट के दौरान नरेंद्र ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं कोच साहू ने क्षेत्र में खेल अधोसंरचना और प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर भी चर्चा की।

कुरुद निवास में उत्सव का माहौल

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, खेलप्रेमी और स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे। सम्मान पाकर नरेंद्र कुमार और उनके प्रशिक्षक भावुक व गदगद नजर आए। क्षेत्रवासियों ने इस मुलाकात को खेल और नेतृत्व के बीच सकारात्मक सेतु बताया, जो कुरुद में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देगा।

सेहत से खिलवाड़! नवापारा के मेडिकल में बिक रही थी नकली कफसिरप

औषधि निरीक्षक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा के एक मेडिकल स्टोर में नकली दवा और फर्जी बिल के बड़े मामले का बड़ा खुलासा हुआ है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला गरियाबंद द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि नवकार मेडिकल स्टोर्स, सदर रोड नवापारा में नकली कफसिरप की बिक्री की जा रही थी। मामले में औषधि निरीक्षक की शिकायत पर गोबरा नवापारा थाना मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरअसल, खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला गरियाबंद में पदस्थ औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ध्रुव द्वारा थाने में दर्ज कराई गई। जानकारी अनुसार 9 सितंबर 2025 को नवकार मेडिकल स्टोर्स में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिल क्रमांक 460 दिनांक 23.09.2024 प्रस्तुत किया गया, जिसमें बैच नंबर क्र6019024, एक्सपायरी 12/25, एमआरपी 114.94 रुपये तथा कुल राशि 1200 रुपये दर्शाई गई थी।

बिल की सत्यता की जांच हेतु संबंधित निर्माणकर्ता फर्मों से जानकारी ली गई, जहां यह स्पष्ट हुआ कि न तो उक्त औषधि का निर्माण किया गया था और न ही उसकी बिक्री। जांच में यह औषधि जाली एवं नकली पाई गई। प्रथम दृष्टया प्रस्तुत बिल भी फर्जी प्रतीत हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि पारसमल जैन, प्रोपराइटर मेसर्स नवकार मेडिकल स्टोर्स, द्वारा नकली औषधि बेचने के लिए अपराधिक षड्यंत्र, छल-कपट, धोखाधड़ी एवं अवैध व्यापार किया गया। जांच में मेसर्स कुलेश्वर मेडिकल स्टोर एंड जनरल स्टोर्स, राजिम (जिला गरियाबंद) की संलिप्तता भी उजागर हुई है। आरोपी सीताराम साहू ने अपने बयान में स्वीकार किया कि नकली Besto-Cof Syrup उसे नवकार मेडिकल स्टोर्स से प्राप्त हुआ था। औषधि निरीक्षक द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सभा नहीं होने से विभिन्न जनसमस्याएं लंबित

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के ग्राम पंचायत हिरीडीही के कुछ ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में समय-समय पर ग्राम सभा एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य है। यदि नियमित रूप से ग्राम सभा आयोजित की जाती, तो गांव की कार्ययोजना के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को पंचायत स्तर पर ही उठाकर समाधान कराया जा सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक ग्राम पंचायत हिरीडीही में नियम अनुसार ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया है। ग्राम सभा के अभाव में ग्रामीण अपनी विभिन्न जनसमस्याएं पंचायत के समक्ष नहीं रख पा रहे हैं।

कुरूद क्षेत्र को बड़ी सौगात

अजय चंद्राकर की अनुशंसा से सड़क विकास को मिली ऐतिहासिक मंजूरी

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की रफ्तार अब और तेज़ होने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को शासन से हरी झंडी मिल गई है। भोथली से मेंडरका मार्ग के लिए 5 करोड़ 64 लाख रुपये तथा भखारा बाईपास के लिए 14 करोड़ 94 लाख रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति हृदय से आभार जताया है।

आवागमन होगा आसान, समय और धन दोनों की बचत : इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से कुरूद विधानसभा क्षेत्र में आवागमन की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। किसानों को मंडी और बाजार तक अपनी उपज पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी, वहीं व्यापारियों के लिए परिवहन आसान होने से व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। छात्र-छात्राओं, राहगीरों तथा ग्रामीणों के लिए अस्पताल, तहसील और जनपद कार्यालय तक पहुंचना अधिक सरल और सुरक्षित होगा।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

भखारा बाईपास के निर्माण से भारी वाहनों का दबाव नगर क्षेत्र से कम होगा, जिससे यातायात सुगम बनेगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। साथ ही, मार्ग किनारे स्थित फुटकर दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों की आमदनी बढ़ने की उम्मीद है। बेहतर कनेक्टिविटी से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

जनता में उत्साह, विकास को मिली नई दिशा : क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह स्वीकृति केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि समग्र विकास की नींव है। वर्षों से लंबित मांग को मूर्त रूप मिलने से जनता में उत्साह का माहौल है। लोगों ने विश्वास जताया है कि आने वाले समय में इन परियोजनाओं से कुरूद विधानसभा क्षेत्र विकास के नए पायदान पर पहुंचेगा।

क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम कुरूद को विकास की मुख्यधारा से और मजबूत रूप से जोड़ने वाला साबित होगा।

गोल्ड मैडल जीत कर लौटी खिलाड़ी का भव्य स्वागत

महासमुंद। अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन टेस्ट श्रृंखला में नेपाल को 3-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतने वाली महासमुंद की बेटी लक्ष्मी चंद्राकर के नगर आगमन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के नेतृत्व में बस स्टैंड में स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि बेमचा निवासी नरेश चंद्राकर की सुपुत्री लक्ष्मी चंद्राकर भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन टेस्ट श्रृंखला में भाग लेने नेपाल के विराटनगर गई थीं।

लंबे अर्से बाद जागा लोक निर्माण विभाग, अब सड़कों की मरम्मत

महासमुंद/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग ने नगर के डॉ. अंबेडकर चौक से रेलवे क्रॉसिंग सड़क की दोनों ओर बने गड्ढों की मरम्मत कराई। सड़क पर गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि लगभग तीन माह पूर्व लोक निर्माण विभाग को सड़क की बदहाल स्थिति से अवगत कराया गया था। उस समय विभाग ने बरसात समाप्त होने के बाद मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था। आश्वासन के अनुरूप गड्ढों में डामर भरकर सड़क की मरम्मत की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने लोक निर्माण विभाग के अभियंता से चर्चा कर डॉ. अंबेडकर चौक से एकता चौक तक संपूर्ण सड़क के डामरीकरण की मांग की। अभियंता ने बताया कि वर्तमान में आवश्यक मरम्मत कार्य कराया गया है तथा मरम्मत पूर्ण होने के बाद पूरे मार्ग का डामरीकरण कराया जाएगा।

प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा की मंडल स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत माता की छायाचित्र छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर शुभारंभ बलोदा बाजार विधान सभा अंतर्गत ग्राम पौसरी (रवान) के खेल मैदान में मंडल स्तर के प्रमुख जनप्रतिनिधियो एवं समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुआ। प्रथम मैच चाम्पा और भरसेला के बीच खेला गया जिसमें भरसेला की टीम विजयी रही।क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है ।

डॉक्टर ने सिजेरियन ऑपरेशन से बचाई बकरी की जान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पशु चिकित्सालय महासमुंद में नांदगांव के पशुपालक डोमार यादव की 3 वर्षीय संकर बीटल बकरी का सफल सिजेरियन ऑपरेशन कर उसका जीवन बचाया गया। बताया गया कि बकरी पिछले दो दिनों से गंभीर प्रसव पीड़ा से जूझ रही थी। स्थिति बिगड़ने पर पशुपालक ने उसे जिला पशु चिकित्सालय महासमुंद लाया। पशु की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने सिजेरियन ऑपरेशन का निर्णय लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकीय दल ने पूरी सतर्कता, समर्पण और कुशलता के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन टीम में डॉ. कमलेश चौधरी, डॉ. नीलकंठ ध्रुव (एमवीयू), डॉ. शैलेश विशाल, सहायक लालसाय सिदार एवं कुमारी हेमा साहू शामिल रहे। ऑपरेशन के दौरान एक मृत बच्चे को बाहर निकाला गया, जिससे बकरी की जान बचाई जा सकी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 27297 दिनांक 09.01.2026
वार्ड का नाम- 42 - महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR662L00087 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती RAM KUMAR SINGH THAKUR पिता / पति श्री/श्रीमती KEVAL SINGH THAKUR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PUSHPA SINGH THAKUR पिता /पति श्री/श्रीमती RAM KUMAR SINGH THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत दानपत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 27298 दिनांक 09.01.2026
वार्ड का नाम- 41 - पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566B00171 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती RAJENDRA PRASAD CHOUBEY पिता / पति श्री/श्रीमती LATE LAXMI NIDHI CHOUBEY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAJAT CHOUBEY पिता /पति श्री/श्रीमती LT. RAJENDRA PRASAD CHOUBEY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / FAUTI NAMANTARAN / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID - rmczone3@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 27249 दिनांक 07.01.2026
वार्ड का नाम- 30 - शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR331I00098 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती DINKAR RAO BABAR पिता / पति श्री/श्रीमती YASHWANT RAO BABAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RATNA BABAR पिता /पति श्री/श्रीमती LT. DINKAR RAO BABAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / OTHERS / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID - rmczone3@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 27250 दिनांक 07.01.2026
वार्ड का नाम- 30 - शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR331H00102 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती JAGDISH CHHABARIA, ASHOK KUMAR CHHABARIA पिता / पति श्री/श्रीमती LATE PARMANAND CHHABARIA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ASHOK KUMAR CHHABARIA पिता /पति श्री/श्रीमती LT. PARMANAND CHHABARIA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत हक त्याग विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 27273 दिनांक 09.01.2026
वार्ड का नाम- 39 - ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR560C00003 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती DOMARI DEWANGAN पिता / पति श्री/श्रीमती DUBARU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती CHANDRIKA DEWANGAN, DANESHWAR, GHASNIN, MEHTRIN, CHITRAREKHA , SHESHKUMARI, YOGENDRA, SHADHNA DEWANGAN पिता /पति श्री/श्रीमती LT. DOMARI LAL DEWANGAN, LT. SHEETAL DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / OTHERS / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 27358 दिनांक 09.01.2026
वार्ड का नाम- 40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569F00047 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती PRADEEP KUMAR ADIL पिता / पति श्री/श्रीमती KEJURAM ADIL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DURGESH ADIL पिता /पति श्री/श्रीमती PRADEEP KUMAR ADIL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत दानपत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 24142 दिनांक 05.01.2026
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651J00158 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती VIKAL KUMAR PARATEY पिता / पति श्री/श्रीमती NAMDEV DAMODAR RAO PARATEY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SAVITA ZODE पिता /पति श्री/श्रीमती VIVEK ZODE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 06.01.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु **पंचम निविदा** आमंत्रित की जाती है। निविदा **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक** 12.01.2026 **तक** है।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 70 Tender No.183304	**Special Repair Work of Various Bridges Under PWD Bridge Sub Division No. 02 Raipur.**	रू. 19.50 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh
जी-252605920/2 आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल,
रायपुर (छ.ग.)

SBI भारतीय स्टेट बैंक
फुटकर आस्ति लघु एवं मध्यम उद्यम शहरी ऋण केन्द्र एवं तनावग्रस्त आस्ति निवारण केन्द्र
द्वितीय तल, मुख्य शाखा, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक, **भारतीय स्टेट बैंक, आरएएसएमईसीसी, द्वितीय तल, मुख्य शाखा, टी.पी. नगर, कोरबा** का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नलिखित तारीख को मांग सूचना तथा उसमें उल्लेखित निम्न रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, ऋणी/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पतियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन भारतीय स्टेट बैंक, **भारतीय स्टेट बैंक, आरएएसएमईसीसी, द्वितीय तल, मुख्य शाखा, टी.पी. नगर, कोरबा** को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी का नाम	सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना तिथि / कब्जा की तिथि	बकाया राशि
श्री संदीप नंदा पुत्र श्री रमेश चन्द्र नंदा, निवास- 04, मोहन टॉकीज रोड, जमनीपाली, दर्री, कोरबा (छ.ग.)	संपत्ति के मालिकः श्री संदीप नंदा पुत्र श्री रमेश चन्द्र नंदा, सर्वे नं. 44/3, 44/4, 63/22 परिवर्तन के बाद 44/60ए स्वास्तिक पार्क अवेन्यु, ग्राम- बुरकोनी, आरआईसी- धरसीवा, जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1163 वर्गफीट में स्थित संपत्ति प्लॉट नं. डी-19 के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- प्लॉट नं. डी-20, दक्षिण- प्लॉट नं. डी-18, पूर्व- खुला क्षेत्र, पश्चिम- सड़क।	15/07/2025 / कब्जा की तिथि 05/12/2025	₹ 14,92,239.00 + ब्याज व अन्य अतिरिक्त खर्च

दिनांक : 10.01.2026, स्थान : कोरबा (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

छत्तीसगढ़ शासन
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)
नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 15.01.2026 को किया गया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्त एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम स्थल का नाम - पिथौरा
नीलाम दिनांक - 15.01.2026
नीलाम समय - 9:00 बजे प्रातः

नीलाम दिनांक 15.01.2026 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा

क्र.	प्रजाति	नया वनोपज			अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज			कुल वनोपज			
		घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	फे. पोल
1.	सागौन	377.069	194	6143	2257.974	14151	56845	2635.043	14345	62988	0
2.	साल	5.676	0	0	2.695	86	0	8.371	86	0	0
3.	शीशम	0.000	0	0	2.552	0	0	2.552	0	0	0
4.	बीजा	8.788	0	0	17.020	0	0	25.808	0	0	0
5.	साजा	0.000	0	0	36.456	0	0	36.456	0	0	0
6.	हल्दु मुड़ी	5.944	0	0	55.912	0	0	61.856	0	0	0
7.	धावड़ा	0.000	0	0	15.006	0	0	15.006	0	0	0
8.	सलिहा मोदे	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0	0
9.	पापड़ा	0.0000	0	0	2.335	0	0	2.335	0	0	0
10.	अन्य	6.723	0	0	25.759	0	0	32.482	0	0	0
	योग	**404.200**	**194**	**6143**	**2415.709**	**14237**	**56845**	**2819.909**	**14431**	**62988**	**0**

काष्ठागार पिथौरा (सराईटार)- 1440 नग व्यापारिक बांस (पुराना) | डिपो बागबाहरा- 2249 नग व्यापारिक बांस पुराना

बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत निस्तार / उपभोक्ता/अस्थाई पड़ाव डिपो में संग्रहित वनोपज की मात्रा

क्र.	डिपो	जलाऊ पुराना	व्यापारिक बांस पुराना (नग)	औद्योगिक बांस पुराना (बंडल)	क्र.	डिपो	फेसिंग पोल पुराना	जलाऊ पुराना	व्यापारिक बांस पुराना (नग)
1.	बरपाली	51	4649	0	5.	पलारी	0	0	404
2.	थरगांव	0	2690	0	6.	बलौदाबाजार	0	29	2000
3.	अ. प. नवागांव	0	28150	1990	7.	अ.प. देवपुर	0	223	2000
4.	सिमगा	28	0	0	-	-	-	-	-

टीपः-
1/ क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।
2/ क्रेताओं को ई ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिर्वाय है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3/ लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते हैं।
4/ ई-ऑक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट को क्रय करने के लिए अन्य क्रेताओं को 30 सेकण्ड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकण्ड तक बोली नहीं लगने पर लॉट पर बोली बंद हो जावेगा।

दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)

जी- 252605878/3

न्यूज गैलरीं

राजधानी में 'ऑपरेशन निश्चय' का असर, तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर पुलिस के विशेष अभियान 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत खमतराई पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी बैदेही कुमार सिंह मूलतः गया (बिहार) का रहने वाला है। वह ओडिशा के बरगढ़ से गांजा लाकर रायपुर में खपाने की फिराक में था। पुलिस ने उरकुरा क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को बिना नंबर की सुपर स्प्लेंडर बाइक के साथ पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 5 किलो 133 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे और बाइक की कुल कीमत करीब 90,130 रुपये बताई जा रही है। खमतराई पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

तेलीबांधा में अवैध शराब बेचता आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर। राजधानी की एण्टी क्राइम एण्ड साईबर यूनिट और तेलीबांधा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवारपारा इलाके में दबिश दी। पुलिस ने यहां अवैध रूप से शराब बेच रहे संदीप नागरिया (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 30 पौवा देशी शराब और बिक्री की नगदी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

अस्पताल में व्यवस्थाएं परखने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

रायपुर। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने रायपुर के आयुर्वेदिक हॉस्पिटल कैंपस स्थित 50 बिस्तरों वाले शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने विभिन्न विभागों का अवलोकन कर दवाओं की उपलब्धता और उपचार की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से चर्चा कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को आमजन के लिए सुलभ और प्रभावी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

भारतीय थलसेना भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय थलसेना द्वारा मई-जून 2025 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम - सी.ई.ई.) का आयोजन किया गया था। सी.ई.ई. में उत्तीर्ण युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक इनडोर स्टेडियम, धमतरी में किया जा रहा है। उक्त लिखित परीक्षा (सी.ई.ई.) में रायपुर जिले से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों इनडोर स्टेडियम, धमतरी में भर्ती रैली में सम्मिलित हो सकते हैं।

प्रदेश में लेमनग्रास की खेती-किसानों के लिए बनी कमाई का उत्तम विकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में किसानों की आय दोगुनी करने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के उद्देश्य से औषधीय एवं सुगंधित पौधों का कृषिकरण योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत लेमनग्रास की खेती किसानों के लिए कम लागत में अधिक लाभ कमाने का एक उत्कृष्ट विकल्प बनकर उभर रही है।

किसानों को मिलती है अच्छी आय

लेमनग्रास किसानों के लिए एक बेहतरीन, कम लागत, अधिक मुनाफे वाली फसल है, जिसे बंजर या पथरीली ज़मीनों पर भी उगाया जा सकता है और यह कम पानी व कम देखभाल में साल में 4-5 बार कटाई देती है, जिससे 1 लाख/एकड़ तक की कमाई संभव है, क्योंकि इसके तेल की मांग परफ्यूम और कॉस्मेटिक्स में बहुत है, साथ ही चाय और दवाइयों में भी इसका उपयोग होता है, जिससे किसानों को अच्छी आय मिलती है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी जिला कलेक्टर और कृषि विभाग को औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम लगातार किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

आसान, सुरक्षित और कम लागत वाली फसल

लेमनग्रास एक बहुवर्षीय सुगंधित घास है। इसके लिए मिट्टी का पीएच 6.6 से 8.0 उपयुक्त माना जाता है। भरपूर धूप वाली जगह पर फसल अच्छी बढ़ती है। जून माह पौध रोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। एक एकड़ में लगभग 25,000 पौधों की जरूरत होती है। गोबर खाद या कम्पोस्ट खाद से उत्पादन बेहतर मिलता है। 7-10 दिन में एक बार सिंचाई आवश्यक है। लेमनग्रास में सामान्यतः कीटों का प्रकोप नहीं होता, इसलिए कीटनाशक की आवश्यकता नहीं पड़ती। पहली कटाई 6 माह बाद की जाती है। इसके बाद हर 3 माह में कटाई होती है और एक बार लगाई गई फसल से लगभग 5 वर्ष तक उत्पादन मिलता है।

नि:शुल्क प्रशिक्षण और अध्ययन भ्रमण

किसानों को लेमनग्रास की खेती से संबंधित संपूर्ण जानकारी देने के लिए बोर्ड द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण और अध्ययन भ्रमण आयोजित किए जाते हैं। इसमें खेत तैयार करने, पौध रोपण, देखभाल से लेकर आसवन प्रक्रिया के जरिए तेल निकालने तक की पूरी तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

लेमनग्रास खेती के लिए नि:शुल्क पौधे व तकनीकी सहायता

औषधि पादप बोर्ड द्वारा लेमनग्रास की खेती करने वाले किसानों को नि:शुल्क स्लिप्स (पौधे) प्रदान किए जा रहे हैं। खेती को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए 40-50 किसानों का 1-2 किलोमीटर क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर खेती कराई जाती है। बोर्ड गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों को तकनीकी सहायता, मार्केटिंग सहयोग और खरीदी के लिए एमओयू की सुविधा भी उपलब्ध कराता है।

किसानों के लिए लाभ कमाने का उत्कृष्ट विकल्प

उल्लेखनीय है कि कम लागत, सुरक्षित खेती और लगातार कई वर्षों तक उत्पादन के कारण लेमनग्रास को किसानों के लिए लाभ कमाने का उत्कृष्ट विकल्प बनाते हैं। राज्य सरकार की यह पहल किसानों को औषधीय पौधों की खेती अपनाने और अपनी आय को लगातार बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

तेल उत्पादन और आय

लेमनग्रास की घास को आसवन प्रक्रिया से तेल में बदला जाता है। इसका उपयोग साबुन, सौंदर्य प्रसाधन और अरोमा उद्योगों में काफी अधिक है। प्रथम वर्ष प्रति एकड़ 60-80 किग्रा तेल,दूसरे वर्ष से लगभग 100 किग्रा तेल का बाजार मूल्य 1200 से 1600 रुपए प्रति किग्रा है जिसकी कुल लागत लगभग 20 हजार रुपए प्रति एकड़ वार्षिक लाभ 80 हजार से एक लाख रुपए तक है।

वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: उदंती-सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में 6 शिकारी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य वन क्षेत्र अंतर्गत आ रहे शिकार के मामलों पर अंकुश लगाने व ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए जिससे वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, इसके लिए वन मंत्री केदार कश्यप ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ लगातार बैठक कर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा, संरक्षण व संवर्धन के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है, जिसके फलस्वरूप वनमंत्री श्री कश्यप के नेतृत्व व प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) के कुशल दिशा निर्देश का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग द्वारा लगातार एंटी स्नेयर वाक अभियान चलाया जा रहा है, जिससे वन विभाग को लगातार सफलता मिल रही है।

वन क्षेत्र में शिकार पर अंकुश लगाने के लिए कठोर गश्तए

वनकर्मियों की तैनाती, आधुनिक तकनीक,ड्रोन, ट्रैप कैमरे, का उपयोग, स्थानीय समुदायों को जोड़ना, कड़े कानून और जुर्माने, और जागरूकता अभियान जैसे कदम उठाने चाहिए, खासकर पिकनिक या अन्य गतिविधियों की आड़ में होने वाले अवैध शिकार को रोकने के लिए चौकसी बढ़ाया गयी है। इन अभियुक्तों के विरुद्ध दो अलग-अलग प्रकरणों में पी.ओ.आर. (प्रारंभिक अपराध रिपोर्ट) दर्ज कर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी 06 अभियुक्तों को दिनांक 07 जनवरी को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष पेश किया गया। वन विभाग की यह कार्रवाई क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शिकारियों के हौसले पस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वन विभाग द्वारा वनों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए गश्त अभियान को और अधिक सशक्त किया गया है ताकि भविष्य में शिकार की ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

वन्यजीव अपराध के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई

गरियाबंद जिले के परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट के अंतर्गत ओड़ सर्कल में वन्यजीव अपराध के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 शिकारियों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग द्वारा अवैध शिकार को रोकने के लिए निरंतर निगरानी बरती जा रही है और नियमित एन्टी स्नेयर वाक अभियान चलाए जा रहे हैं। वन विभाग की मुस्तैदी के चलते ग्राम सुनाबेड़ा के 02 और ग्राम ओड़ के 04 अभियुक्तों को धर-दबोचा गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से खरगोश पकड़ने के फंदे, तीर-कमान और मछली पकड़ने के जाल जैसे शिकार की सामग्री बरामद किए गए हैं।

सरकार की पारदर्शी व्यवस्था का असर, धान बेचते ही मिला भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ सरकार की पारदर्शी और डिजिटल धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए राहत और भरोसे का आधार बनकर सामने आई है। मनेन्द्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी जिले के ग्राम सलका निवासी किसान रामशरण ने कोड़ा उपार्जन केंद्र में 46.40 क्विंटल धान का विक्रय कर सरकार की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक खरीदी की नीति से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हुआ है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के तहत निर्धारित तिथि पर उपार्जन केंद्र पहुंचे किसान को सुव्यवस्थित व्यवस्था, डिजिटल तौल और त्वरित प्रक्रिया का लाभ मिला। उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए बैठने एवं पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध रही। डिजिटल तौल कांटे

से सटीक माप-तौल और सत्यापन के बाद धान विक्रय की राशि सीधे बैंक खाते में जमा की गई, जिससे भुगतान को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता नहीं रही। किसान रामशरण ने बताया कि पूर्व में धान बेचने के दौरान तौल और भुगतान में देरी जैसी समस्याएं होती थीं, लेकिन इस बार की पारदर्शी व्यवस्था ने उनका भरोसा पूरी तरह बढ़ाया है। समय पर भुगतान मिलने से वे अब रबी फसल की तैयारी, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू जरूरतों की योजना निश्चिंत होकर बना पा रहे हैं।

संस्थागत स्वच्छता को सुदृढ़ करने राज्य सरकार की अभिनव पहल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार संस्थागत स्वच्छता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अभिनव पहल की शुरूआत हुई है। आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी जिले के विकासखंड खड़गवां से प्रदेश में जर्नी आफ सेनिटेशन हाइजिन का हरी झंडी दिखाकर औपचारिक शुभारंभ किया है। गौरतलब है कि 'जोश' पहल के माध्यम से स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य संस्थागत व सामुदायिक शौचालयों

की नियमित, वैज्ञानिक और सुरक्षित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को 'स्वच्छता प्रहरी' के रूप में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम है। 'जोश' पहल से युवा स्वच्छता प्रहरी बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में तैयार इस योजना के तहत प्रारंभिक चरण में प्रत्येक जनपद में एक स्वच्छता प्रहरी नियुक्त किया गया है। योजना की सफलता के आधार पर इसे पूरे जिले में विस्तारित किया जाएगा।

स्वच्छता प्रहरी निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे और आधुनिक उपकरणों की सहायता से शौचालयों की पाक्षिक व मासिक सफाई सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान चयनित स्वच्छता प्रहरियों को आधुनिक सफाई उपकरणों से युक्त स्वच्छता किट एवं सुरक्षा सामग्री भी प्रदान की गई।

मनरेगा ने बदली रामकुमार की तक़दीर, डबरी बनी सिंचाई

□ **खेती से मत्स्य पालन तक, मनरेगा से सशक्त हुई ग्रामीण आजीविका**

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण क्षेत्रों में केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह आजीविका सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। मनरेगा के अंतर्गत डबरी निर्माण जैसे कार्य आज ग्रामीण किसानों के लिए आय के नए स्रोत, रोजगार के अवसर और स्थायी विकास की मजबूत नींव साबित हो रहे हैं। इसी तारतम्य में विकासखंड मुंगेली के ग्राम पंचायत रामगढ़, के किसान

रामकुमार यादव के जीवन में मनरेगा के तहत निर्मित डबरी ने नई दिशा और स्थायित्व प्रदान किया है। किसान रामकुमार की निजी भूमि पर मनरेगा योजना के अंतर्गत 1.58 लाख रुपये की लागत से डबरी का निर्माण कराया गया, जिससे 676 मानव दिवस का सृजन हुआ। इस जल संरचना के निर्माण से न केवल उन्हें सिंचाई की स्थायी सुविधा मिली, बल्कि आजीविका के नए अवसर भी खुले।

सीधी भर्ती 2023: सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया हो चुकी है पूरी, आगे कोई चरण शेष नहीं

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर व्याप्त भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करते हुए यह बताया गया है कि, पूरी भर्ती प्रक्रिया उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के आदेशों के अनुरूप पूर्ण की जा चुकी है। अब छठवें चरण की सूची जारी किए जाने की कोई वैधानिक या प्रशासनिक संभावना शेष नहीं है। उल्लेखनीय है कि, सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक के 6285 पदों के लिए 4 मई 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था तथा व्यापम द्वारा परीक्षा परिणाम 01 जुलाई 2023 को घोषित किया गया, जिसकी वैधता अवधि

1 वर्ष निर्धारित थी। उस समय तक बी.एड. अर्हताधारियों को सहायक शिक्षक पद से पृथक रखने संबंधी कोई निर्देश सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय द्वारा जारी नहीं किया गया था।

चार चरणों में हुई नियुक्ति प्रक्रिया

सीधी भर्ती 2023 अंतर्गत सहायक शिक्षक पद हेतु नियुक्ति प्रक्रिया के प्रथम चार चरणों में कटऑफ रैंक में शामिल अभ्यर्थियों की सूचना विभागीय वेबसाइट पर क्रमशः 08 सितंबर 2023, 21 सितंबर 2023, 30 जनवरी 2024 एवं 04 मार्च 2024 को जारी की गई। इन चार चरणों के माध्यम से कुल 5301 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी थी, जिनमें 2621 बी.एड. अर्हताधारी शामिल थे।

इस चरण में विभिन्न श्रेणियों

कटऑफ रैंक सामान्य (मुक्त): 2314-6666
अनुसूचित जाति (मुक्त): 7239-10990
अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त): 6670-9193
अनुसूचित जनजाति (मुक्त): 54537-72852।

एमआईसी बैठक में जनहित के बड़े फैसले, 10 एसी बस स्टॉप प्रस्ताव निरस्त

जल बोर्ड गठन व 157 पदों पर सीधी भर्ती को मंजूरी, तथा नो-फ्लेक्स जोन घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, जल निकासी, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुधार और जनकल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। आयुक्त विश्वदीप सहित एमआईसी सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। एमआईसी ने 10 एसी बस स्टॉप निर्माण के प्रस्ताव को निरस्त करने का निर्णय लिया। वहीं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत खालसा स्कूल के सामने से हटाए गए 69 दुकानदारों को क्रिस्टल आर्केड के सामने दुकान निर्माण कर व्यवस्थित रूप से बसाने की स्वीकृति दी गई। दुकानें बनने के बाद जिला आबंटन समिति के माध्यम से पारदर्शी तरीके से आबंटन किया जाएगा।

नो-फ्लेक्स जोन घोषित

बैठक में शहर के 6 प्रमुख मार्गों को नो-फ्लेक्स जोन घोषित किया गया, जहां अवैध फ्लेक्स, बैनर और पोस्टर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। उल्लंघन की स्थिति में तत्काल हटाने, जुर्माना लगाने और खर्च वसूलने की कार्रवाई होगी। केवल शासकीय विज्ञापनों को छूट दी गई है। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए कुशालपुर क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से नाला एवं पाइप लाइन पुशिंग कार्यों को मंजूरी

दी गई। इसके अलावा विधायक कॉलोनी से एनएच-53 तक और लाभांडी से छोकरा नाला तक नाला निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए, जिससे स्थायी जल निकासी सुनिश्चित होगी। तेजी से बढ़ते शहर को ध्यान में रखते हुए जल बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया, ताकि जल आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार और जल गुणवत्ता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

157 पदों पर होगी भर्ती

एमआईसी ने नगर निगम के विभिन्न विभागों में 157 रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी। इससे प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही 18 प्रमुख रोड जंक्शनों के विकास, वायु गुणवत्ता सुधार कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती, पेंशन प्रकरणों के निपटारे और सांस्कृतिक पहचान से जुड़े प्रस्तावों पर भी सहमति बनी। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य रायपुर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाना है। सभी कार्य पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे, ताकि आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल सके।

इन मार्गों में नहीं लगेगा फ्लैक्स

जी.ई. रोड अंतर्गत टाटीबंध चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए तेलीबांधा थाना मुख्य मार्ग। -पचपेड़ी नाका चौक से लालपुर ओवरब्रिज तक। भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए केनाल रोड सिग्नल तक व सीएम हाउस सिविल लाइन के आसपास। -एन.आई.टी. रायपुर से गोल चौक होते हुए रायपुरा चौक तक। -जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक होते हुए बिजली ऑफिस चौक तक। -महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक।

पीएम आवास के जरिए सुशीला के पक्के मकान का सपना साकार

रायपुर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड नवागढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिसदा निवासी श्रीमती सुशीला बाई पूर्व में एक जर्जर कच्चे घर में अपने परिवार सहित कठिन परिस्थितियों के बीच जीवन यापन कर रही थीं। बरसात के दिनों में घर में पानी भर जाना, बच्चों को खुले में रात गुजारने की मजबूरी तथा सुरक्षा और सम्मान का अभाव उनके लिए एक बड़ी चुनौती रहा। किंतु वर्ष 2024-25 में जब उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास सूची में दर्ज हुआ तो उनके जीवन में आशा की किरण साबित हुई। योजना के अंतर्गत 1.20 लाख की स्वीकृत वित्तीय राशि, साथ ही मनरेगा मजदूरी 21,870 रु तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12,000 रु. शौचालय निर्माण के लिए प्रदान किए गए। सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं तकनीकी अमले के मार्गदर्शन में निर्माण समय सीमा के भीतर पूर्ण हुआ और सुशीला बाई का सपना एक सुंदर, सुरक्षित और पक्के आवास के रूप में साकार हो गया। सुशीला बाई गर्व से कहती हैं अब हमारे बच्चों को बारिश में भीगना नहीं पड़ता, यह घर हमें सुरक्षा के साथ सम्मान भी देता है।

विक्टोरियन युग की भव्यता भारत की रेल विरासत से मिलती है

यूनेस्को में शामिल यह ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन मूलत: एक वास्तुकला का चमत्कार है। यह मुंबई में स्थित है। विक्टोरियन गोथिक शैली में बना यह भवन बाहर से देख कर ही दिल जीत लेता है लेकिन भीतर का दृश्य उससे भी अधिक शानदार है। ऊँची मेहराबें, रंगीन काँच की खिड़कियाँ, पत्थरों की नक्काशी और हर कोने में बारीकी से की गई कला- यह सब मिलकर इसे किसी नवाबी महल जैसा आभास देते हैं। शाम ढलते ही इसके बाहरी हिस्से पर रोशनी की सजीव सजावट इसे और भी भव्य बना देती है, मानो शहर की धड़कन यहीं धड़क रही हो।

राहुल का भाजपा पर तीखा हमला, कहा-लोगों की जिंदगी तबाह की

भाजपा के 'डबल इंजन' पर राहुल का हमला

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यमवर्ग की जिंदगी सिर्फआंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया - लेकिन सवाल आज भी वही है: सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस वीआईपी को बचा रहा है? कानून सबके लिए बराबर कब होगा?'

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमलावर हैं। एक दिन पहले जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ट्रंप के टैरिफको लेकर कड़ा निशाना साधा था। वहीं अब उन्होंने एक लंबे-चौड़े एक्स पोस्ट के जरिए भाजपा शासित राज्यों पर सिलसिलेवार हमला किया है। कांग्रेस सांसद ने अपने बयान में आरोप लगाते हुए कहा कि देशभर में 'भ्रष्ट' जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। राहुल गांधी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। उन्होंने यूपी और इंदौर का मुद्दा उठाते हुए लिखा, 'उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड में भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। इंदौर में जहरीला पानी पीकर मौतें हों या गुजरात-हरियाणा-दिल्ली तक 'काले पानी' और दूषित सप्लाई की शिकायतें - हर तरफ बीमारियों का डर है।' हालिया अरावली पर्वत माला को लेकर उपजे विवाद पर कांग्रेस सांसद ने कहा, 'राजस्थान की अरावली हो या प्राकृतिक संसाधन - जहां-जहां अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां-वहां नियमों को रौंद दिया गया।

तनाव के बीच खामेनेई ने जनता को किया संबोधित, ट्रंप को भी लिया आड़े हाथ

❐ ईरान में तनाव का असर हवाई सेवाओं पर, दुबई से कई उड़ानें रद्द

तेहरान। ईरान में इन दिनों हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। देशभर में सरकार के खिलाफबड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच शुक्रवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का एक भाषण सरकारी टीवी पर दिखाया गया, जिसमें उन्होंने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर बात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी तीखा हमला बोला। खामेनेई ने ट्रंप को घमंडी बताते हुए कहा कि एक दिन उनका भी पतन होगा। वहीं दूसरी ओर इस प्रदर्शन का असरअब हवाई सेवाओं पर भी दिखने लगा है। शुक्रवार को दुबई और ईरान के कई शहरों के बीच चलने वाली कम से कम छह उड़ानें रद्द कर दी गईं। रद्द की गई उड़ानों में तेहरान, शिराज और मशहद जैसे प्रमुख ईरानी शहर शामिल हैं। यह जानकारी दुबई एयरपोर्ट की वेबसाइट के हवाले से समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने दी।

खामेनेई का संदेश और विरोध प्रदर्शन

खामेनेई का यह अचानक दिया गया भाषण इस बात का संकेत है कि ईरानी सरकार इन प्रदर्शनों को लेकर काफी चिंतित है। सरकार ने हालात को काबू में रखने के लिए देश में इंटरनेट और बाहरी दुनिया से फोन संपर्क बंद कर दिया है, ताकि लोग आपस में और विदेशों से संपर्क न कर सकें। बता दें कि गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक ईरान के कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शन ईरान के पूर्व शहजादे के आह्वान के बाद शुरू हुए, जो इस समय देश से बाहर निर्वासन में रह रहे हैं। लोगों ने नारे लगाए और सरकार के खिलाफमार्च किया।

ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान हजारों शहीदों के बलिदान से बना है और यह देश कभी भी साजिश रचने वालों के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि सरकार विरोधी ताकतें चाहे जितनी कोशिश कर लें, ईरान अपने रास्ते से पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान तेहरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए खामेनेई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ट्रंप को खुश करना चाहते हैं। अगर ट्रंप को किसी देश को चलाना आता, तो पहले अपने देश को ठीक से चलाते।

ये देश साजिश रचने वालों के सामने झुकने वाला नही

ईरानी सरकारी टीवी चैनल ने लगाए आरोप

मामले में ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने आरोप लगाया कि हिंसा फैलाने के पीछे अमेरिका और इस्राइल से जुड़े आतंकी एजेंट हैं। सरकारी मीडिया के अनुसार, इन्हीं लोगों ने आगजनी की और हालात को बिगाड़ा। टीवी चैनल ने यह भी कहा कि इन घटनाओं में कुछ लोग हताहत हुए हैं, लेकिन कितने लोग घायल या मारे गए, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। फिलहाल ईरान में स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। सरकार सख्ती से हालात को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोग सड़कों पर उतरकर अपनी नाराज़गी जाहिर कर रहे हैं।

हरिपुरधार में बस दुर्घटनाग्रस्त 12 मौत

नाहन। सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 के करीब लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। स्थानीय लोग हादसे में घायलों को बाहर सड़क तक लेकर आ रहे हैं। घटना के बाद मौके पर चिखों पुकार मची है। हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिरमौर एनएस नेगी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आठ के करीब लोगों के मौत की जानकारी मिली है। पुलिस मामले में बचाव कार्यों में जुट गई है।

दिल्ली में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को घेरा

❐ आतिशी के इस्तीफे से कम कुछ भी मंजूर नहीं

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना के द्वारा कथित तौर पर सिख गुरु तेग बहादुर का अपमान किए जाने पर भाजपा शुक्रवार को सड़कों पर उतरी। पार्टी का आरोप है कि आम आदमी पार्टी के नेता जानबूझकर भारतीय धर्म-संस्कृति का मजाक उड़ाते हैं। भाजपा के अनुसार , आम आदमी पार्टी नेता पहले भी ऐसा कर चुके हैं और

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और आतिशी मार्लेना और भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की। पार्टी इस मुद्दे को पंजाब में भी मजबूती से उठाने की योजना बना रही है। हालांकि, आप ने आरोप लगाया है कि आतिशी मार्लेना के वीडियो से छेड़छाड़ की गई है। आप ने वीडियो के फॉरेंसिक जांच की मांग की है। भाजपा के महासचिव तरुण चुग ने अमर उजाला से कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जानबूझकर हिंदू और सिख गुरुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं में भारतीय धर्म संस्कृति के खिलाफथोड़ा सा भी सम्मान नहीं है, जिसके कारण वे बार-बार हिंदुओं और सिखों को अपमानित करने का काम करते हैं।

वेनेजुएला : क्रूर तानाशाही का अंत है मादुरो की गिरफ्तारी

नई दिल्ली। अमेरिका के वेनेजुएला पर हमले के बाद यूएन से लेकर कई दोशों ने ट्रंप की आलोचना की। इस सैन्य ऑपरेशन के बाद वनेजुएला के राष्ट्रपति और उनक पत्नी को गिरफ्तार कर अमेरिका ले जाया गया। लेकिन ट्रंप के इस कदम का कुछ लोग समर्थन भी कर रहे हैं। वेनेजुएला-अमेरिकी पत्रकार से जब एएनआई ने इस मुद्दे के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा मादुरो एक तानाशाह नेता थे। अमरिका द्वारा मादुरो की गिरफ्तारी से बहुत लोग वेनेजुएला के बहुत से लोग खुश है। मादुरो के शासन काल में कई लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा। एएनआई के साथ बातचीत में अमेरिकी पत्रकान ने कहा हम छब्बीस वर्षों से एक क्रूर तानाशाही के शासन में जी रहे थे। अंतरराष्ट्रीय मंचो को इसकी कोई परवाह नहीं की। निकोलस मादुरो और सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाते देख वेनेजुएला के लोग बहुत खुश थे।

'आवारा कुत्ते' मामले में तीसरे दिन भी सुनवाई

अवैध प्रजनन-आयात और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दे उठे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालय परिसरों में भटकते कुत्तों की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया शामिल हैं, मामले की सुनवाई हुई और शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी। सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट और एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि कुछ लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं और उन्हें यह तक कहते हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से इस मामले में दखल न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून और नियम पहले से मौजूद हैं, इसलिए अदालत को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। सिंघवी ने यह भी कहा कि जब संसद जानबूझकर दखल नहीं देती, तो अदालत को भी इसमें नहीं जाना चाहिए। सिंघवी ने आगे बताया कि एमीकस क्यूरी कानून के अच्छे जानकार होते हैं लेकिन किसी विशेष विषय के विशेषज्ञ नहीं।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

चांदी की कीमतों में 5900 रुपये का उछाल

मुंबई। लगातार दो सत्रों में भारी मुनाफावसूली के बाद शुक्रवार को कमोडिटी बाजार में चांदी की कीमतों में फिर से जोरदार वापसी दिखी। वैल्यू बाइंग के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की वायदा कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया। वहीं, वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी तेजी दिखी। शुक्रवार को एमसीएक्स पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव 5,898 रुपये या 2.42 प्रतिशत की उछाल के साथ

2,49,222 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को चांदी 2,43,324 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह तेजी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि पिछले दो कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई थी। चांदी ने मंगलवार को 2,58,811 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से 15,487 रुपये या 6 प्रतिशत तक नीचे गिरी थी। शुक्रवार की खरीदारी ने इस गिरावट को काफी हद तक पाट दिया है। चांदी के साथ-साथ सोने में भी तेजी दिखी। एमसीएक्स पर फरवरी कॉन्ट्रैक्ट वाला सोना 783 रुपये या 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,38,525 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता नजर आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी मजबूती का रुख रहा। कॉमेक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोना 21.74 डॉलर या 0.49 प्रतिशत बढ़कर 4,482.44 डॉलर प्रति औंस हो गया।

सप्ताह के आखिरी दिन बाजार में गिरावट

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। इस क्षेत्र में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, तेल और गैस, आईटी, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और धातु क्षेत्र मजबूत बने रहे, जबकि रियल एस्टेट, निजी बैंक, वित्तीय सेवाएं, एफएमसीजी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में कमजोरी देखी गई। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में थोड़ी तेजी के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 604.72 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरकर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। दिन भर में इसमें 778.68 अंक या 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83,402.28 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक या 0.75 प्रतिशत गिरकर 25,683.30 पर बंद हुआ।

नहीं सुधर रहा बांग्लादेश! आईसीसी को दूसरी चिट्ठी

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 के शुरू होने में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है, लेकिन टूर्नामेंट के आयोजन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं. भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले भारत और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव काफी बढ़ गया है. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को भारत भेजने से साफ इनकार कर दिया है. इसी सिलसिले में BCB ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को दूसरा औपचारिक पत्र भेजा है. इस पत्र में बांग्लादेश ने खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए अपने मैचों को भारत से शिफ्ट करने की मांग दोहराई है।

खबरों के मुताबिक, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने यह कदम अपने

खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ हुई बातचीत के बाद उठाया है। आईसीसी ने इससे पहले बांग्लादेश की उस मांग को खारिज कर दिया था, जिसमें सुरक्षा कारणों से वेन्यू बदलने की बात कही गई थी. लेकिन अब बांग्लादेश ने दोबारा कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि मौजूदा हालात में उनकी टीम भारत दौरे के लिए तैयार नहीं है. यह विवाद तब और गहरा गया जब आईसीसी ने सुरक्षा को लेकर बीसीबी से स्पष्टीकरण मांगा था।

'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय दत्त

मुंबई। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। फैंस की भारी भीड़ के बीच वह मंदिर से बाहर निकलते दिख रहे हैं। संजय दत्त जब मंदिर से बाहर निकले, तो उनके गले में मालाएं थीं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त

और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं।

इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं।

शनाया कपूर की फिल्म 'तू या मैं' का टीजर रिलीज

मुंबई। फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है। 'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं।

न्यूज गैलरी

नसबंदी के बाद आवारा कुत्तों को खिलाई जा रही बिरयानी

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में नगर निगम आवारा कुत्तों को नसबंदी के बाद बिरयानी खिलाई जा रही है। बीजेपी मेयर जीवर्धन चौहान ने इसकी पुष्टि की है। उनका कहना है कि नसबंदी के बाद कुत्ते कमजोर न हों, इसलिए निगम ने ऐसा प्रावधान किया है, लेकिन विपक्ष को विकास हजम नहीं हो रहा है। वहीं कुत्तों को बिरयानी खिलाने को लेकर निगम के नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने बीजेपी मेयर जीवर्धन चौहान को घेरा है। उन्होंने ने कहा कि अब आवारा कुत्ते भी बिरयानी खाएंगे। कुत्तों को चिकन या मटन किसकी बिरयानी खिलाई जाएगी। इसके लिए फंड किस मद से खर्च किया जाएगा। दरअसल, रायगढ़ में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी अभियान शुरू किया गया है। पिछले दिनों रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान खुद नसबंदी केंद्र पहुंचे। वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कुत्तों की देखभाल और दिए जाने वाले भोजन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने कुत्तों को पौष्टिक आहार देने की बात कही। उन्होंने अपने बयान में कुत्तों को खिचड़ी, दलिया और बिरयानी का जिक्र किया। महापौर के इसी बयान को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

कांग्रेस ने नक्सल उन्मूलन पर कभी नहीं बनाया रोडमैप, अब खात्मे पर ले रहे झूठा श्रेय: उप मुख्यमंत्री साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस द्वारा नक्सल उन्मूलन पर झूठा श्रेय लेने के प्रयासों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में न तो नक्सल उन्मूलन का कोई ठोस रोडमैप बनाया और न ही ज़मीन पर कोई ठोस कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय शराब घोटाला, कोयला घोटाला, डीएमएफ घोटाला और महादेव सट्टा घोटाले हुए, जिससे छत्तीसगढ़ का विकास बाधित हुआ। उस दौर में नक्सलियों को खुली छूट दी गई! और सुरक्षाबलों के मनोबल पर सवाल उठाए गए। नवा रायपुर, अटल नगर स्थित शासकीय कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के साहस और रणनीति अभियानों के चलते बड़े इनामी नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं, गिरफ्तार हो रहे हैं और न्यूट्रलाइज किए जा रहे हैं। पिछले दो वर्षों में हुए ठोस कार्रवाई से बस्तर जल्द नक्सल मुक्त होगा और वहां के लोगों के जीवन में खुशहाली और तरक्की आएगी। ट्राइबल गेम्स की तैयारियों को लेकर श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर ओलंपिक का सफल आयोजन किया है और अब सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली बार होने वाले नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को सौंपी गई है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इससे आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के युवाओं और खिलाड़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

शहर के भीतर चल रहा दमघोंटू डामर प्लांट, दिन-रात उठ रहा धुआं

कोंडागांव/नवप्रदेश। शहर के भीतर संचालित डामर प्लांट अब लोगों के लिए दमघोंटू बन गया है। दिन-रात चलने वाले इस प्लांट से उठने वाला काले धुएं का गुबार शहर के आसमान में फैल रहा है। इससे इलाके का वातावरण जहरीला होता जा रहा है। हालत ऐसी बन गई है कि घर में रहना तक मुश्किल होता जा रहा है। लोग अब सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कत की भी शिकायत कर रहे हैं। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ने की बात सामने आ रही है। आंखों में जलन, खांसी, सांस फूलना और सिरदर्द जैसी शिकायतें आम होती जा रहीं हैं। रात में धुआं और भी ज्यादा बढ़ जाता है, जिससे दम घुटने जैसी स्थिति बन रही है। वन विभाग ने भी पूरे मामले में पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी की बात कबूल की है। विभाग की मानें, तो प्लांट का धुआं पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए घातक है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई के अभाव में ही ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। सरकारी फरमान के नाम पर प्लांट लगातार दिन-रात चलाया जा रहा है। नियमतः ऐसे प्लांट आबादी से दूर होने चाहिए, लेकिन यहां शहर के भीतर ही डामर प्लांट संचालित किया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्लांट को तत्काल बंद कर दूसरी जगह शिफ्ट करना चाहिए, ताकि लोगों को जहरीले धुएं से निजात मिले। तहसीलदार मनोज रावटे ने कहा, टीम मौके पर गई थी। वहां काफी धुआं उठ रहा है। संचालक से प्लांट दूसरी जगह शिफ्ट करने कहा है।

बालोद में पहली जंबूरी आज से शुरू, आठ हजार से ज्यादा प्रतिभागी हुए शामिल

विवाद बेअसर: देश-विदेश से जुटे 15 हजार से अधिक स्काउट-गाइड

■ पहली राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का शुभारंभ

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के समीप ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी आज दोपहर 2 बजे राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। 5 दिवसीय इस भव्य आयोजन के लिए 27 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 8000 से अधिक प्रतिभागी बालोद पहुंच चुके हैं, जबकि कुल संख्या 15 हजार तक पहुंचने की संभावना है।

जंबूरी में भारी उत्साह, तैयारियां पूरी: गुरुवार रात तक प्रतिभागियों का बालोद पहुंचना लगातार जारी रहा। पंजीयन की प्रक्रिया जारी रही और आयोजन स्थल को अंतिम रूप दे दिया गया। स्थानीय प्रशासन और स्काउट-गाइड संगठन द्वारा की गई तैयारियों ने कार्यक्रम को भव्य रूप देने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

विवादों का असर नहीं, आयोजन सुचारू: आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ में काफी विवाद हुआ- वित्तीय अनियमितता, स्थल परिवर्तन और अधिकारों को लेकर मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्वयं को राज्य परिषद का अध्यक्ष बताते हुए जंबूरी रद्द करने की मांग की थी। हालाँकि, राज्य स्काउट्स आयुक्त ने इसे भ्रामक बताया और कहा कि आयोजन का निर्णय पहले से तय था। इन सभी विवादों का मैदान में जरा भी असर नहीं दिखा, तैयारियां निरंतर जारी रहीं।

देश-विदेश से आएंगे प्रतिभागी: 13 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के 4252 रोवर-रेंजर सहित देश-विदेश के कुल 15 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। पहली बार देश में आयोजित हो रही नेशनल रोवर-रेंजर जंबूरी में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की भी भागीदारी इसे और खास बना देगी।

जंबूरी में होंगी विविध गतिविधियां

5 दिवसीय इस आयोजन के दौरान प्रतिभागी कई सांस्कृतिक, बौद्धिक और साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे-
- मार्च पास्ट एवं क्लोजिंग सेरेमनी
- एथेनिक फैशन शो
- एडवेंचर एरिया और वॉटर स्पोर्ट्स
- उप शिविर गतिविधियां व ओवरनाइट हाइक
- कैंप फायर, रोड कैम्प फायर
- राज्य प्रदर्शनी और कैंप क्राफ्ट
- आदिवासी कार्निवल और स्टेट गेट
- राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम
- पायनियरिंग प्रोजेक्ट
- मास ट्री प्लांटेशन
- आपदा प्रबंधन एवं बैंड प्रतियोगिता
- युवा सांसद, फॉक डांस, क्विज प्रतियोगिता
- बैकवुडमैन कुकिंग आदि

यह आयोजन युवाओं की प्रतिभा, अनुशासन और रचनात्मकता को प्रदर्शित करेगा।

राजधानी रायपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूलों का 4 से 5 सालों का बिजली बिल भुगतान नहीं हुआ

आत्मानंद स्कूलों की हालत खराब: दो दर्जन पर 50 लाख का बिजली बिल बकाया

■ अंधेरे और बगैर पंखे के पढ़ने आदत डलवा दीजिए

रायपुर/नवप्रदेश। यदि आपके छात्र राजधानी रायपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, तो उन्हें अंधेरे और बगैर पंखे के पढ़ने आदत डलवा दीजिए। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जिले के आत्मानंद विद्यालयों के लाखों रुपए के बिजली बिल बकाया हैं। कई स्कूल तो ऐसे हैं, जहां पिछले 4-5 सालों से बिजली बिल का भुगतान ही नहीं हुआ है। इन स्कूलों में बिजली बिल की बकाया राशि 12 लाख तक पहुंच गई है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को मिलने वाले फंड में बीते शैक्षणिक सत्र से ही कटौती की जा रही है। प्रदान की जाने वाली राशि में नियमितता भी नहीं है। उन्हें जो राशि भेजी जा रही है, उससे वे बमुश्किल स्टेशनरी का खर्च निकाल पा रहे हैं। बिजली बिल के लिए पैसे नहीं होने के कारण वे चाहकर भी भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर बिजली कंपनी द्वारा शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों को नियमित अंतराल पर रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं, लेकिन उन्हें भी अपनी राशि नहीं मिल रही है। जिले में 36 आत्मानंद विद्यालय हैं, इनमें से तकरीबन दो दर्जन स्कूल ऐसे हैं, जहां का बिजली बिल महीनों से बकाया है।

जानकारी मंगाएंगे: रायपुर नगर निगम के महापौर मीनल चौबे ने बताया कि, आमापारा स्थित पंडित रामदयाल तिवारी आत्मानंद विद्यालय के बिजली बिल भुगतान संबंधी जानकारी संबंधित स्कूल से मंगाएंगे। विद्युत बिल भुगतान संबंधित अवधि में यदि नगर निगम की जिम्मेदारी बनती है तो छात्र हित में बिजल बिल के भुगतान की व्यवस्था की जाएगी।

नगर निगम व शिक्षा विभाग के फेर में उलझे

कई स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय योजना में शामिल कर लिया गया है। यहां भी बिजली बिल के हजारों रुपए बकाया हैं। बिजली बिल के बकायदार स्कूलों की सूची में एक श्रेणी ऐसे विद्यालयों की भी है, जो पहले नगर निगम के अधीन थी। इन्हें बाद में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शामिल किया गया। पूर्व में इनके बिजली बिल का भुगतान नगर निगम द्वारा ही किया जाता था। शाला प्रबंधन के मुताबिक, नगर निगम से संपर्क करने पर वे शिक्षा विभाग से राशि लेने की बात कहते हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग के पास जाने पर वे नगर निगम के स्कूल होने की बात कहते हैं।

फीस लेने की मांग

प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में छात्रों से शाला विकास शुल्क लिया जाता है। सामान्यतः यह 50 रुपए से 200 रुपए के भीतर होता है। वर्ष में एक बार यह राशि छात्रों द्वारा दी जाती है। इस राशि से विद्यालयों की स्टेशनरी, बिजली बिल सहित अन्य खर्चे निकाले जाते हैं। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों से यह राशि भी नहीं ली जाती है। इस कारण उनके पास शाला विकास के लिए कुछ भी राशि नहीं होती है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय कई बार शासन से मांग कर चुके हैं कि फंड प्रदान नहीं किए जाने की स्थिति में उन्हें कम से कम फीस लेने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि वे सामान्य खर्च निकाल सकें।

पटवारी ने बिना बताए दूसरी शादी कर ली, अब बच्चे के इलाज का खर्च देना होगा: महिला आयोग

रायपुर/नवप्रदेश। महिला आयोग में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कई मामलों में सख्त फैसले लिए गए। एक पटवारी पहले से शादीशुदा था, लेकिन यह तथ्य छिपाकर उसने दूसरी शादी कर ली। पीड़िता ने बताया कि 2022 में दिल्ली के आर्य समाज गुड़गांव मंदिर में विवाह हुआ था। आयोग की सख्ती के बाद पटवारी ने अपनी बीमार बच्ची के लीवर ट्रांसप्लांट के लिए 25 लाख रुपये का खर्च एक माह में उठाने का आश्वासन दिया।

एक अन्य प्रकरण में आयोग ने चार महिलाओं से नौकरी दिलाने का झांसा देकर 31 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। आयोग ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक मामले में महिला ने चार लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए डीएनए जांच की मांग की। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कलेक्टर और सीएमएचओ को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

व्याख्याताओं के प्रमोशन पर कोर्ट ने लगाई रोक, पिछले महीने हुई थी पदोन्नति

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक और प्रधान पाठक से व्याख्याता पद पर की गई पदोन्नति और पोस्टिंग पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई फरवरी के पहले हफ्ते में होगी। तब तक पदोन्नति और पोस्टिंग की प्रक्रिया रुकी रहेगी। हालांकि, कोर्ट ने व्याख्याता पदोन्नति की प्रक्रिया जारी रखने का आदेश दिया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग के माध्यम से की जा रही पोस्टिंग की तैयारी भी फिलहाल रोक दी है। दरअसल, भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार व्याख्याता के कुल पदों में से 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पद पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। इस नियम के तहत एलबी संवर्ग के साथ ही ई संवर्ग के शिक्षकों की डीपीसी होनी चाहिए थी, लेकिन शिक्षा विभाग ने केवल एलबी संवर्ग के लगभग 400 व्याख्याताओं की डीपीसी कर पदोन्नति आदेश जारी कर दिया। आदेश जारी होने के बाद विभाग द्वारा काउंसिलिंग के जरिए पदस्थापना की तैयारी चल रही थी। इसी नियम के तहत पिछले महीने शिक्षा विभाग ने लगभग 400 व्याख्याताओं के एलबी संवर्ग से पदोन्नति आदेश जारी किए थे। इसी दौरान रायगढ़ और बलौदाबाजार जिलों के 2009 में नियुक्त प्रधान पाठकों सहित कुछ नियमित ई-संवर्ग शिक्षकों ने इस प्रमोशन प्रक्रिया को हाई कोर्ट में चुनौती दी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि विभाग ने वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप दिए बिना और लंबित न्यायिक प्रकरणों के बावजूद 22 दिसंबर 2025 को एक नई डीपीसी आयोजित कर दी, जो नियमों के विपरीत है।

अंबिकापुर में 3.5°C पारा, अगले 2 दिन और गिरेगा तापमान

छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

■ हिमालय की हवाएं बढ़ा रही कंपकंपी

रायपुर/नवप्रदेश। हिमालय से आ रहीं ठंडी हवाओं से छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई शहरों में तापमान सामान्य से कम चला गया है। सरगुजा संभाग में ठंड का असर ज्यादा है। बलरामपुर के रामानुजगंज में पैरावट पर ओस की बूंदें जमकर बर्फ बनने लगी है। यहां रात का तापमान 1 से 2 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 2 दिनों में प्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्से में ठंड और बढ़ेगी। विभाग ने 18 जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। बता दें कि पिछले 28 दिनों में राज्य में ठंड से 3 मौत हो चुकी है। वहीं पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 28.4°C दुर्ग में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.5°C अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

सिनोप्टिक सिस्टम के चलते बढ़ेगी ठंड: पश्चिमी विक्षोभ हिमालय और उत्तर भारत से ठंडी हवाओं को नीचे की ओर धकेलता है। वहीं तेज जेट स्ट्रीम इन हवाओं को तेजी से मध्य भारत की तरफ आगे बढ़ा देती है, नतीजा यह होता है कि उत्तर भारत की ठंड छत्तीसगढ़ तक पहुंचने लगती है। इसी वजह से रात का तापमान तेजी से गिरता है। सुबह-शाम ठंड ज्यादा महसूस होती है, कुछ इलाकों में शीतलहर की स्थिति बन जाती है। उदाहरण के साथ समझाया जाए तो मान लीजिए जैसे फ्रिज का दरवाजा खुला रह जाए और पंखा चलने लगे तो ठंडी हवा दूर तक फैल जाती है। यहां पश्चिमी विक्षोभ फ्रिज है और जेट स्ट्रीम पंखा, जो ठंडी हवा को छत्तीसगढ़ तक पहुंचा रहा है।

यात्री प्रतीक्षालय में ठंड से मौत: 7 जनवरी को कोरबा के सरई सिंगार निवासी हरप्रसाद भैना (55) की मौत ठंड लगने से हो गई। उनकी लाश कसईपाली के यात्री प्रतीक्षालय में मिली। हरप्रसाद मंगलवार को रलिया गांव में छठी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। रात की ठंड में थकान के कारण वे प्रतीक्षालय में सो गए थे। बुधवार सुबह लोगों ने उनकी लाश देखी। शव की स्थिति और मौके की परिस्थिति देखकर उनकी ठंड से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

एसबीआई -छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू

सरकारी कर्मचारियों को मुफ्त में एक करोड़ का बीमा, परिवार को आर्थिक सुरक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन काम करने वाले करीब साढ़े चार लाख शासकीय सेवकों और उनके परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इस काम के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एक एमओयू किया गया है। खास बात ये है यह बीमा पूरी तरह मुफ्त होगा। कर्मियों को अपना सैलेरी अकांउट एसबीआई में सैलेरी पैकेज अकांउट में बदलना होगा। अगर किसी कर्मी की सामान्य दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को एक करोड़ रुपए और हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर परिजनों को 1 करोड़ 60 लाख रुपए तक देने का प्रावधान है। यही नहीं, एसबीआई ने एमओयू में कई और सुविधाएं देने का वादा भी किया है।

राज्य सरकार वेतन पैकेज खातों की मुख्य बातें

दुर्घटना में मृत्यु होने पर 100 लाख रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर के साथ हवाई दुर्घटना बीमा कवर 1 करोड़ 60 लाख स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 1 करोड़ स्थायी आंशिक विकलांगता पर अधिकतम 80 लाख रुपये तक विकलांगता बीमा राशि मौजूदा नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।

राज्य में शासकीय सेवकों की सेवाकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर शासन की ओर से एक्सग्रेसिया के रूप में 50 हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान था। बतौर बीमा इसके अलावा कोई अन्य सुविधा का प्रावधान नहीं था, लेकिन अब सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को कई तरह से बीमा सुरक्षा मिलेगी। सरकार के वित्त विभाग ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया है और ये व्यवस्था 4 जनवरी 2026 से लागू हो गई है। स्टेंट बैंक से एमओयू होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य के नियमित शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को सामान्य मृत्य पर एक करोड़ रुपए (व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तहत उनके परिजनों को मिलेंगे। इसके साथ ही 10 लाख रुपए ग्रुप टर्म लाइफ (जीटीएल) के तहत मिलेंगे, लेकिन अगर कर्मी की मृत्य हवाई दुर्घटना में होती है तो एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस (एएआई) 1 करोड़ 60 लाख रुपए मिलेंगे।

परिवार के लिए ये प्रावधान: परिवार का परिवहन (दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के लिए तत्काल 2 परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए यात्रा का खर्च): अधिकतम 50 हजार रुपए तक मिलेंगे। बीमा के संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा है कि शासन की पहल से एसबीआई के साथ ये एमओयू हुआ है। शासकीय कर्मियों और उनके परिजनों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ेगी।

पुलिस कर्मियों के लिए मिलेगी ये मदद: एसबीआई। पर्सनल लोन (एक्सप्रेस क्रेडिट) 10 लाख रुपये तक का इंश्योरेंस कवर (आतंकवादी, नक्सलवादी, राष्ट्र-विरोधी, विदेशी दुश्मन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई में ड्यूटी के दौरान मृत्यु के मामले में कवर किए गए पुलिस, अर्धसैनिक, पुलिस बलों के लिए लागू होगा। 10 लाख का अतिरिक्त पीएआई कवर भी इसी वर्ग के कर्मियों को मिलेगा।

बाल शिक्षा लाभपर्सनल एक्सीडेंटल: इंश्योरेंस (डेथ) कवर की स्वीकार्यता पर लागू होगा। दुर्घटना के समय पुरुष बच्चे के लिए अतिरिक्त 8 लाख रुपये तक या लड़की के लिए 10 लाख रुपये (18-25 साल की उम्र) (पीएआई का 25 प्रतिशत) मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के अधिकारियों, कर्मचारियों के मौजूदा सैलेरी अकाउंट को स्टेट गवर्नमेंट सैलेरी पैकेज में बदल दिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस कामपलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com